THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

द अनकवर्ड अपडेट

कवर के पीछे की खबर | Digital Edition | RJHIN/25/A4779

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, गुरूवार 26 नवंबर, 2026 | » वर्ष: 01 » अंक: 32 » पृष्ठ: 8 » मूल्य: 2.00 रू.

असम में नया एयरपोर्ट, तमिलनाडु में कंटेनर टर्मिनल को मिली मंजूरी

मोदी कैबिनेट के पांच बड़े फैसले, 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को हरी झंडी...



● नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पांच प्रमुख परियोजनाओं और योजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें निर्माण क्षेत्र की भारी मशीनों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की योजना, तमिलनाडु के कामराजार पोर्ट पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल और असम के सिलचर में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण शामिल है। कैबिनेट ने क्रेन, बुलडोजर, अर्थमूवर, टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) और अन्य भारी निर्माण उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की योजना मंजूर की है। इसका उद्देश्य भारत को बुनियादी ढांचा निर्माण उपकरणों का प्रमुख केंद्र बनाना और आयात पर निर्भरता कम करना है।

कामराजार पोर्ट पर बनेगा दूसरा कंटेनर टर्मिनल

तमिलनाडु के कामराजार पोर्ट पर 4,288 करोड़ रुपये की लागत से दूसरा कंटेनर टर्मिनल बनाया जाएगा। सरकार के मुताबिक, कंटेनर यातायात में लगातार वृद्धि को देखते हुए यह परियोजना मंजूर की गई है। इससे तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के उद्योगों और व्यापार को लाभ मिलेगा।

सिलचर में बनेगा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

असम के सिलचर में 2,014 करोड़ रुपये की लागत से नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाया जाएगा। इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी बेहतर होगी। परियोजना के तहत 12,351 वर्गमीटर क्षेत्र में टर्मिनल भवन बनाया जाएगा। इसके अलावा 2,705 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार होगा।

डाक विभाग की दो योजनाओं को मंजूरी कैबिनेट ने डाक विभाग की 1,141 करोड़ रुपये की पोस्टल ऑपरेशंस योजना को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पार्सल कारोबार को बढ़ावा देने के लिए 67 पार्सल हब और 519 पार्सल पैकेजिंग इकाइयां स्थापित की जाएंगी। ग्रामीण डाकघरों को व्यावसायिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा 491 करोड़ रुपये की एस्टेट्स मैनेजमेंट योजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत डाक विभाग की संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन, ऐतिहासिक और विरासत डाक भवनों का संरक्षण तथा डाकघर के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

विवाद के बाद उद्यान से मोनिका को हटायाः निगम में जनप्रतिनिधियों से तालमेल बिगड़ा तो 11 के कार्यभार बदले; रिश्वत प्रकरण में एपीओ बैरवा को उसी जोन की कमान

जयपुर।

नगर निगम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल की कमी का असर प्रशासनिक फेरबदल के रूप में सामने आया है। बुधवार को निगम प्रशासन ने 10 उपायुक्तों और एक राजस्व अधिकारी सहित 11 अधिकारियों के कार्यभार बदल दिए। सूची में सबसे चौंकाने वाला नाम सुनील बैरवा का है। एसीबी ट्रैप में नाम आने के बाद करीब पांच महीने पहले उन्हें एपीओ किया गया था। अब फिर सिविल लाइंस जोन का उपायुक्त बनाया गया है। दरअसल, छह महीने पहले एसीबी ने सिविल लाइंस जोन में तैनात संजय बैरवा को 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा था। संजय ने यह राशि तत्कालीन उपायुक्त सुनील बैरवा के लिए लेना बताया था। ट्रैप के दौरान उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया था। इसके बाद सुनील बैरवा कार्यालय से चले गए थे और निगम प्रशासन ने उन्हें एपीओ कर दिया था। वहीं लगातार विवाद के मोनिका को उद्यान शाखा से हटाकर हवामहल-आमेर जोन में उपायुक्त लगाया है।

अफसरों में खींचतान, सड़कों पर घूमते रहे आवारा पशु

पशु प्रबंधन उपायुक्त करण सिंह और शाखा में तैनात डॉक्टर नेहा गौड़ के बीच लंबे समय से तालमेल की कमी थी। आपसी विवाद के चलते आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान प्रभावित हो रहा था। सड़कों और कॉलोनियों में आवारा पशुओं की समस्या बनी हुई थी। इस फेरबदल की एक वजह यह विवाद भी माना जा रहा है।

देश-विदेश में बढ़ा राजस्थान फाउंडेशन का दायरा, अब 51 चैप्टर

अब न्यूयॉर्क से ऑकलैंड और दिल्ली से तिरुवनंतपुरम तक फैला प्रवासी राजस्थानी चैप्टर नेटवर्क

वर्ष 2023 में थे केवल 12 चैप्टर, पिछले तीन वर्षों में 39 नए बनाए

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए पिछले 3 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी क्रम में प्रवासियों के लिए नए विभाग का गठन, राजस्थान फाउंडेशन द्वारा नए चैप्टर का गठन, जिलों में प्रवासी प्रकोष्ठ का गठन, प्रवासी राजस्थानी दिवस, प्रवासियों के साथ निरंतर संवाद, देश-विदेश में प्रवासी मीट सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

राजस्थान फाउंडेशन का नेटवर्क अब 51 चैप्टर तक विस्तारित हो गया है। इनमें 25 राष्ट्रीय और 26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। वर्ष 2023 में राजस्थान फाउंडेशन के केवल 12 चैप्टर थे, जो भी क्रियाशील नहीं थे। इन सभी को क्रियाशील करने के साथ ही पिछले तीन वर्षों में 39 नए चैप्टर बनाए गए हैं।

28 नए चैप्टर गठित, 11 के गठन की प्रक्रिया शुरू

राजस्थान फाउंडेशन द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के साथ जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए नए चैप्टर का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 16 अक्टूबर, 2026 को प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम के दौरान 11 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा की थी। इन सभी चैप्टर के गठन तथा अध्यक्षों के मनोनयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 के अवसर पर 14 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा की थी। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा अब इन सभी 14 चैप्टर का गठन कर इन्हें क्रियाशील कर दिया गया है। इनमें 9 अंतरराष्ट्रीय और 5 राष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। साथ ही, 14 नए चैप्टर्स का पूर्व में ही गठन किया जा चुका है।

राजस्थान फाउंडेशन के इस विस्तार से विश्वभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद, समन्वय और सहभागिता को नई गति मिलेगी। इससे प्रवासी समुदाय को राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और निवेश संबंधी विकास कार्यों से जोड़ने में भी मदद मिलेगी। इन चैप्टर के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के बीच मजबूत नेटवर्क विकसित होगा। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, निवेश प्रोत्साहन, कौशल एवं तकनीकी सहयोग, शिक्षा, पर्यटन तथा समाजसेवा के क्षेत्रों में नई संभावनाओं का विस्तार होगा।

26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका), मनामा (बहरीन), कुवैत सिटी (कुवैत), मस्कट (ओमान), कुआलालंपुर (मलेशिया), बैंकॉक (थाईलैंड), हांगकांग, ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), टोरंटो (कनाडा), दुबई (संयुक्त अरब अमीरात), दोहा (कतर), रियाद (सऊदी अरब), लंदन (यूनाइटेड किंगडम), न्यूयॉर्क (अमेरिका), सिंगापुर, टोक्यो (जापान), मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया), काठमांडू (नेपाल), कंपाला (युगांडा), म्यूनिख (जर्मनी) और नैरोबी (केन्या) में चैप्टर क्रियाशील हैं। इसके अतिरिक्त सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), मिलान (इटली), डबलिन (आयरलैंड) और नॉर्डिक (स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड) में नए चैप्टर्स की घोषणा की जा चुकी है।

25 राष्ट्रीय चैप्टर

देश में फरीदाबाद (हरियाणा), तिरुवनंतपुरम (केरल), लुधियाना (पंजाब), वाराणसी (उत्तर प्रदेश) और गंगटोक (सिक्किम), मुंबई (महाराष्ट्र), अहमदाबाद (गुजरात), सूरत (गुजरात), इंदौर (मध्य प्रदेश), पुणे (महाराष्ट्र), दिल्ली, रांची (झारखंड), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), हैदराबाद (तेलंगाना), कोयंबटूर (तमिलनाडु), भुवनेश्वर (ओडिशा) और गुवाहाटी (असम) में राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर संचालित हैं। इसके अतिरिक्त रायपुर (छत्तीसगढ़), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), पटना (बिहार), सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), पणजी (गोवा) और विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) में नए चैप्टर्स की घोषणा की जा चुकी है।

दूसरा प्रवासी राजस्थानी दिवस: 8 से 10 दिसम्बर तक भव्य आयोजन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में 10 दिसम्बर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस क्रम में दूसरा प्रवासी दिवस आगामी 10 दिसम्बर आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 8 दिसम्बर को झुंझुनूं के खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में शेखावाटी हेरिटेज मीट और 9 दिसम्बर को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रवासी सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। 10 दिसंबर को जयपुर के जेईसीसी में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

बहरोड़ में भीषण सड़क हादसाः ट्रोले में पीछे से जा घुसी कार, तीन युवकों की मौत

बहरोड़। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर बहरोड़ क्षेत्र में मंगलवार देर रात भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं। दहमी फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रोले में जा घुसी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बहरोड़ कोतवाली थाने के कार्यवाहक थाना अधिकारी सूबे सिंह ने बताया कि रात एक बजे दहमी फ्लाईओवर पर हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कार ट्रॉले में घुसी हुई थी। तीन लोग दम तोड़ चुके थे, जबकि दो घायल थे। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। मारे गए युवकों की पहचान मुंडनवाड़ा निवासी हरीश कुमार पुत्र राजेश यादव, देवेंद्र पुत्र छोटेलाल प्रजापत और हेमंत पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत के रूप में हुई। पांच युवक बहरोड़ के भगवाड़ी से अपनी कार से गांव मुंडनवाड़ा लौट रहे थे।

चूरू में बड़ा उलटफेर, राजेंद्र राठौड़ की बहू बनीं जिला प्रमुख

37 जिलों में से 24 जिलों में कांग्रेस, 10 में भाजपा, दो जगह बीएपी और नागौर में आरएलपी के जिला प्रमुख बने

ब्यावर में बहुमत के बाद भी भाजपा हारी

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राजस्थान के 37 जिलों में बुधवार को हुए जिला प्रमुख के चुनाव में चूरू, ब्यावर में सबसे बड़ा उलटफेर हुआ। चूरू में बहुमत नहीं होने के बाद भी पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह भाजपा से जिला प्रमुख बन गईं। वहीं ब्यावर में बहुमत होने के बाद भी भाजपा हार गई। सीकर, चूरू, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, धौलपुर, डीग, ब्यावर समेत कई जिलों में क्रॉस वोटिंग हुई।

37 जिलों में से जयपुर समेत 24 जिलों में कांग्रेस, 10 में भाजपा, दो जगह बीएपी और नागौर में आरएलपी के जिला प्रमुख बने हैं। दौसा, सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में कांग्रेस को निर्विरोध जीत मिली। डूंगरपुर और डीडवाना-कुचामन में लॉटरी से जिला प्रमुख का फैसला हुआ। 26 जिलों में महिला जिला प्रमुख बनीं। 16 जिले इनके लिए आरक्षित थे।

20 नवंबर को आए जिला परिषद सदस्यों के रिजल्ट में कांग्रेस को 23 जिलों, भाजपा को 5 और नागौर में आरएलपी को बहुमत मिला था। कांग्रेस 4 जगह, भाजपा को एक जगह बढ़त थी। तीन जगह भाजपा-कांग्रेस-निर्दलीय बढ़त में थे।

सबसे कम, ज्यादा उम्र के जिला प्रमुख

जैसलमेर में कांग्रेस से जीतीं संतोष कुमारी और झालावाड़ से भाजपा से जीतीं वर्षा झाला सबसे कम उम्र 21 साल की और जालोर के आसुराम सबसे ज्यादा उम्र 64 साल के जिला प्रमुख बने।

बीकानेर में विधायक की बहू जीतीं, पूर्व मंत्री की बेटी हारीं

सबसे हॉट सीट बीकानेर में कांग्रेस विधायक की बहू निकिता डूडी ने जीत दर्ज की। यहां पूर्व मंत्री गोविंद मेघवाल की बेटी सरिता चौहान बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया।

विधायक, पूर्व मंत्री की पत्नी निर्विरोध जीतीं

दौसा में विधायक डीसी बैरवा की पत्नी बीना बैरवा को जीत मिली है। सवाई माधोपुर में पूर्व मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी आशा देवी ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस विधायक अर्जुन बामणिया के बेटे विकास बामनिया को हार का सामना करना पड़ा।

विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 11,000 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी, असम के सिलचर में बनेगा एयरपोर्ट

भारत का निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण उद्योग दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उद्योग : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में देश में निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण विनिर्माण परिवेश को बढ़ावा देने के लिए 11,000 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट ने असम के सिलचर में नए हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी, इस परियोजना की अनुमानित लागत 2,014 करोड़ रुपये है।

इस बारे में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह योजना आठ वर्षों (वित्त वर्ष 2026-27 से 2033-34 तक) के लिए लागू होगी।

उन्होंने कहा कि भारत का निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण उद्योग दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उद्योग है। यह वित्त वर्ष 2024-25 में इसका बाजार आकार 97,000 करोड़ रुपये था, लेकिन इस क्षेत्र की करीब 45 प्रतिशत जरूरतें आयात से पूरी होती हैं।

वैष्णव ने कहा कि इस योजना का मकसद अत्याधुनिक निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरणों के घरेलू विनिर्माण की क्षमता विकसित करना और वैश्विक



बाजार में भारत की प्रमुख भूमिका सुनिश्चित करना है।

इसके अलावा योजना के दायरे में उपकरणों की सात श्रेणियां शामिल हैं, जिनका पूरी तरह या बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है। इनमें सुरंग खोदने वाली मशीनें, ऑफ-हाईवे ट्रक, खुदाई करने वाली मशीनें (एक्सकेवेटर), क्रेन, लोडर, पाइलिंग रिग और ड्रिलिंग मशीनें आदि शामिल हैं।

मंत्रिमंडल ने डाकघरों के आधुनिकीकरण के लिए 1,141 करोड़ रुपये किए मंजूर

कैबिनेट ने 1,141 करोड़ रुपये के प्रस्तावित खर्च के साथ 'पोस्टल ऑपरेशन्स' स्कीम को जारी रखने की मंजूरी दे दी। कैबिनेट के एक बयान के मुताबिक, इस स्कीम का मकसद पोस्टल ढांचे को मजबूत करना, परिचालन दक्षता में सुधार करना और देश भर में रसद, ई-कॉमर्स और डिजिटल सर्विस डिलीवरी की बढ़ती जरूरतों को सपोर्ट करना है। बयान में कहा गया कि यह स्कीम पोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, लास्ट-माइल डिलीवरी को मज़बूत करने में मदद करेगी।

इस स्कीम को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 तक पांच साल के समय पीरियड में लागू करने का इरादा है, इसमें छह उप-योजनाएं होंगी। 120 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'ग्रामीण व्यवसाय और डाक नेटवर्क तक पहुंच' उप-योजना का ध्यान बुनियादी ढांचे के उन्नयन, मानकीकृत ब्रांडिंग और बेहतर संसाधनों के उपयोग पर है, ताकि डाकघरों को, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, कुशल और नागरिक-केंद्रित सेवा केंद्रों में बदला जा सके।

इस घटक का उद्देश्य वित्तीय समावेशन, डिजिटल संपर्क और स्थानीय आर्थिक विकास को मजबूत करना है, साथ ही अंतिम मील वितरण में सुधार करना और वंचित क्षेत्रों में डाक और नागरिक-केंद्रित सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना है।

575 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'मेल नेटवर्क अनुकूलन' उप-योजना में केंद्रीकृत वितरण प्रणाली, मशीनीकरण, एडवांस डाक प्रौद्योगिकी के अंतर्गत उन्नत आईटी समाधान, जीआईएस-आधारित सेवाओं और उन्नत बुनियादी ढांचे के माध्यम से मेल संचालन के आधुनिकीकरण की परिकल्पना की गई है।

278 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पार्सल हब का निर्माण और पार्सल पैकेजिंग इकाइयों (पीपीयू) का विस्तार शामिल है, जो पार्सल की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने, हैंडलिंग बिंदुओं को कम करने, क्षमता की कमी को कम करने और पारगमन समय में सुधार करने के लिए पुनः डिज़ाइन किए गए सॉर्टिंग ढांचे के साथ संरेखित हैं। 8 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय मेल के लिए बुनियादी ढांचे का उन्नयन और विस्तार' उप-योजना का उद्देश्य बुनियादी ढांचे में सुधार और अंतर्राष्ट्रीय खेपों के प्रसंस्करण में तेजी लाने के लिए विदेशी डाकघरों (एफपीओ) और उप विदेशी डाकघरों (एसएफपीओ) को अपग्रेड करके अंतरराष्ट्रीय मेल सेवाओं को मजबूत करना है।

इसके अलावा 100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'सेवा की गुणवत्ता सहित विपणन कार्य' उप-योजना टेलीविजन, डिजिटल, रेडियो, प्रिंट और आउटडोर प्लेटफार्मों पर मल्टी-चैनल अभियानों के माध्यम से प्रचार, ब्रांडिंग, आउटरीच और ग्राहक जुड़ाव पर केंद्रित है।

दुनिया के सबसे बड़े पोस्टल नेटवर्क में से एक, जिसमें 1.65 लाख पोस्ट ऑफिस हैं, जिसमें 1,49,655 पोस्ट ऑफिस ग्रामीण इलाकों में हैं, इंडिया पोस्ट डाक, पार्सल, बैंकिंग, इंश्योरेंस और दूसरी नागरिक-केंद्रित सेवाओं की डिलीवरी के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता रहता है, खासकर दूर-दराज और पिछड़े इलाकों में।

बीकानेर, चूरू, डीग में क्रॉस वोटिंग पर डोटासरा सख्त, बोले, 'गद्दारी करने वालों को पार्टी से बाहर करेंगे'



प्रदेश में पंचायत और जिला परिषद चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग और पार्टी से बगावत के मामलों को लेकर कांग्रेस ने सख्त रुख अपना लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बुधवार शाम पीसीसी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए बीकानेर में कांग्रेस से बगावत कर जिला प्रमुख का चुनाव लड़ने वाली पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल की बेटी सरिता चौहान को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने की घोषणा की। डोटासरा ने कहा कि बीकानेर, चूरू और डीग में पार्टी के खिलाफ काम करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। अनुशासनहीनता और क्रॉस वोटिंग में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोगों ने पार्टी के साथ गद्दारी की है, ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सरिता चौहान के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि अन्य मामलों में जिला कांग्रेस कमेटी और पंचायत चुनाव के ऑब्जर्वर से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जयपुर में कांग्रेस के यशवीर सूरा जिला प्रमुख बने



जयपुर जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस के यशवीर सूरा ने जीत हासिल की है। प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस के यशवीर सूरा को 42 वोट मिले। बीजेपी के राजेश गुर्जर को 14 वोट मिले। बीजेपी के 13 ही सदस्य जीते थे। ऐसे में एक वोट ज्यादा मिला। वहीं, आरएलपी के दो सदस्यों में से एक वोट देने नहीं पहुंचा।

वोटिंग के दौरान हुआ हंगामा

वोटिंग के बीच हंगामा हो गया था। मैन गेट से कांग्रेस के नेता अंदर आने का प्रयास करने लगे थे। पुलिस के जवानों संग खींचतान शुरू हो गई थी। इस दौरान कांग्रेस विधायक विद्याधर चौधरी की पुलिस अधिकारियों से बहस हुई थी। लेकिन बातचीत के बाद मामला शांत हो गया था। नामांकन के दौरान भाजपा नेताओं को भी अंदर घुसने से रोका गया था।

यूथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रह चुके यशवीर सूरा

कांग्रेस ने बुधवार सुबह ही यशवीर सूरा के नाम की आधिकारिक घोषणा की थी। यशवीर सूरा जयपुर जिला परिषद के वार्ड 28 से जिला परिषद मेंबर हैं। वे यूथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं।

हिन्दी समाचार पत्र

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

जयपुर अपडेट

गुलाबी शहर की हर खबर

गुरूवार, 26 नवंबर, 2026

| Digital Edition | RJHIN/25/A4779

एक नजर

राज्यपाल बागडे से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने मुलाकात की



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से बुधवार को लोकभवन में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने मुलाकात की।

इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

स्पीकर देवनानी से मुख्य सचिव वी श्रीनिवास की मुलाकात



खबरों की दुनिया

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से बुधवार को यहां विधान सभा में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शिष्टाचार भेंट की।

मुख्य सचिव ने स्पीकर देवनानी का पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया।

लोकसभा अध्यक्ष ने कोटा जिले में क्रिकेट स्टेडियम और एक्वाटिक सेंटर का किया शिलान्यास

स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी कोटा को बनाएंगे नम्बर 1 शहर : ओम बिरला

130 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, 2 वर्ष में कार्य पूरा करने का लक्ष्य

द अनकवर्ड अपडेट





कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कोटा के खेल इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एवं विश्व स्तरीय एक्वाटिक सेंटर के निर्माण कार्य का शिलान्यास लाखों क्रिकेट प्रेमियों और खेल प्रतिभाओं के वर्षों पुराने सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा संकल्प स्पोर्ट्स इन्फ्रा में कोटा को नम्बर 1 बनाना और कोटा-बूंदी को देश के प्रमुख स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करना है। इसी दिशा में शहर से लेकर गांव तक खेल सुविधाओं का विस्तार कर रहे हैं।

स्पीकर बिरला ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दो वर्षों में कोटा विकास के विभिन्न क्षेत्रों में देश के अग्रणी शहरों में शामिल हो, इस लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। 130 करोड़ की लागत से क्रिकेट स्टेडियम और एक्वाटिक सेंटर का निर्माण 2 वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है।

बिरला ने कहा कि अगले वर्ष कोटा में एयरपोर्ट का वर्षों पुराना सपना साकार होने जा रहा है। जनवरी 2028 में हवाई सेवाएँ प्रारंभ करने का लक्ष्य है। करीब 350 करोड़ रुपये से रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। 1200 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण से महज 15 मिनट में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे तक पहुंच सकेंगे। संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गाँव और ढाणी को सड़क से जोड़ने का भी लक्ष्य है।

भामाशाह मंडी का होगा विस्तार

बिरला ने कहा कि भामाशाह मंडी जल्द ही देश की प्रमुख मंडियों में शामिल होगी, इसके विस्तार का बरसों पुराना सपना शीघ्र पूरा होने जा रहा है। मंडी के विस्तार के लिए शीघ्र ही भूमि के फॉरेस्ट डायवर्जन की प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। अगले दो वर्षों में मंडी का व्यापक विस्तार कर किसानों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएँगी। हमारा प्रयास है कि मंडी को सीधे हाइवे और रेल नेटवर्क से जोड़ा जाए, ताकि देश भर तक हमारी पहुंच आसान हो सके।

कनेक्टिविटी से मिलेगी विकास को नई गति : ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा करीब 1,500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट कोटा-बून्दी के विकास को नई गति देगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को डीसीएम रोड से जोड़ने की 1,600 करोड़ रुपए की परियोजना से एक्सप्रेस-वे तक पहुंचने का समय आधे घंटे से घटकर 15 मिनट रह जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से क्षेत्र में कनेक्टिविटी और खेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। नहरों में पानी उपलब्ध कराने के लिए बिरला की पहल से किसानों को लाभ मिला और धान की अच्छी पैदावार हुई। इससे बाजारों में रौनक लौटी है।

कोटा को मिलेगी नई पहचान

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि जेके पेवेलियन को करीब 130 करोड़ रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां दर्शकों के बैठने की व्यवस्था के साथ आधुनिक मैदान, पवेलियन, फ्लडलाइट, प्रसारण और अभ्यास सुविधाएं होंगी। इससे कोटा के युवाओं को यहीं प्रशिक्षण और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। तरणताल से तैराकी को भी बढ़ावा मिलेगा। मथुराधीश मंदिर कॉरिडोर, मुकुंदरा, रामगढ़ अभयारण्य और एयरपोर्ट से पर्यटन बढ़ेगा। कोटा-बून्दी में 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक के औद्योगिक कॉरिडोर के कार्य भी आगे बढ़ रहे हैं।

भावी पीढ़ियों को मिलेगा लाभ

लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि देश के खिलाड़ी जब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतते हैं तो पूरे देश का गौरव बढ़ता है। कोटा के बच्चों में भी ऐसी प्रतिभा है। जरूरत उन्हें उचित माहौल, प्रशिक्षण और अवसर देने की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और तरणताल इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन सुविधाओं का लाभ केवल आज के खिलाड़ियों को ही नहीं, आने वाली पीढ़ियों को भी मिलेगा। इससे कोटा के युवा अपने शहर में रहकर खेलों में आगे बढ़ सकेंगे और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, पंकज मेहता, पं. गोविंद शर्मा, महापौर अनुसुइया गोस्वामी, उप महापौर विवेक राजवंशी, केडीए आयुक्त बचनेश अग्रवाल, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा, सचिव सत्यप्रकाश बालिता सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी और गणमान्य मौजूद रहे।

वास्तुकला का होगा अद्भुत संगम

क्रिकेट स्टेडियम केवल अपनी खेल सुविधाओं के लिए ही नहीं, बल्कि अपने स्थापत्य और सुंदरता के लिए भी विशिष्ट पहचान बनाएगा। राजस्थान की सतरंगी संस्कृति और आधुनिक वास्तुकला का अद्भुत संगम इसमें देखने को मिलेगा। राजस्थानी स्थापत्य कला के मेहराब, छज्जे, झरोखे और रंग-बिरंगी पगड़ियों से प्रेरित स्टैंड की आकर्षक छतें इसकी भव्यता को बढ़ाएँगी। जब देश-दुनिया के खिलाड़ी यहाँ खेलने आएँगे, तो उन्हें आधुनिक खेल सुविधाओं के साथ राजस्थान की समृद्ध संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं होंगी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आधुनिक प्लेयर्स पवेलियन, ड्रेसिंग रूम, वीआईपी एवं कॉर्पोरेट बॉक्स, मीडिया गैलरी, टीवी प्रोडक्शन और अत्याधुनिक ब्रॉडकास्टिंग सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। बीसीसीआई के मानकों के अनुरूप क्रिकेट ग्राउंड तैयार किया जाएगा। छह नई पिचें, खिलाड़ियों के लिए अलग प्रैक्टिस ग्राउंड, सिंथेटिक ट्रैक और रात्रिकालीन मुकाबलों के लिए चार विशाल फ्लड लाइट्स लगाई जाएँगी। खिलाड़ियों की आवश्यकताओं से लेकर दर्शकों की सुविधाओं तक, हर पहलू का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा एक्वाटिक सेंटर

क्रिकेट के साथ-साथ एथलेटिक के क्षेत्र में भी कोटा एक नई पहचान बनाने जा रहा है। अत्याधुनिक एक्वाटिक सेंटर में ओलंपिक मानकों के अनुरूप 50 मीटर लंबा और 25 मीटर चौड़ा ऑल वेदर कवर्ड स्विमिंग पूल विकसित किया जाएगा। यहाँ हमारे खिलाड़ी मौसम की परवाह किए बिना वर्षभर अभ्यास कर सकेंगे। बच्चों के लिए अलग स्विमिंग पूल, 300 से 400 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, आधुनिक जिम, एरोबिक्स, योग और बहुउद्देशीय हॉल सहित अनेक सुविधाएँ विकसित होंगी। इससे तैराकी के क्षेत्र में भी हमारी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा।

केंद्र सरकार की जनसांख्यिकीय परिवर्तन समिति के समक्ष राजस्थान की सुशासन एवं सीमावर्ती विकास की पहल प्रस्तुत

मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनसांख्यिकीय परिदृश्य पर चर्चा, जनआधार और जन्म पंजीकरण की प्रगति प्रस्तुत की

द अनकवर्ड अपडेट









जयपुर। केंद्र सरकार की जनसांख्यिकीय परिवर्तन संबंधी उच्चस्तरीय समिति के सदस्यों ने बुधवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। समिति की ओर से उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के पूर्व महानिदेशक बालाजी श्रीवास्तव तथा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ. शमिका रवि ने भाग लिया।

समिति ने परिवहन, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा पुलिस सहित विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों की समीक्षा की। सदस्यों ने इन आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों और उनके प्रभावों पर चर्चा की।

समिति को राज्य सरकार की सुशासन एवं जनकेंद्रित प्रशासन की पहल से अवगत कराया गया। जनआधार के अंतर्गत 8.09 करोड़ से अधिक निवासियों के अभिलेख, पहचान सत्यापन की व्यवस्था और समयबद्ध जन्म पंजीकरण में हुए सुधार की जानकारी दी गई।

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 184 चिह्नित गांवों के विकास तथा शिक्षा, सड़क संपर्क एवं ग्राम अवसंरचना से संबंधित 101 कार्यों के प्रस्ताव केंद्र सरकार को अनुमोदन हेतु भेजे जाने की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर आत्माराम सावंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जनजाति क्षेत्रीय विकास कुंजीलाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आसूचना प्रफुल्ल कुमार एवं जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक विष्णु चरण मलिक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सामाजिक चेतना अभियान के तहत कश्मीर घाटी के 25 बच्चों ने राज्यपाल से मुलाकात की

कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक : हरिभाऊ बागडे



राज्यपाल ने बच्चों से किया संवाद

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से बुधवार को लोकभवन में सामाजिक चेतना अभियान के तहत कश्मीर घाटी के 25 बच्चों ने मुलाकात की।

'भारत दर्शन यात्रा' के तहत राजस्थान यात्रा पर आए इन बच्चों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत विविधता में एकता लिए है।

उन्होंने कश्मीर के इतिहास, संस्कृति और उसे भारत से अलग करने के षड्यंत्रों की चर्चा करते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव के साथ राष्ट्र विकास में सभी समान भूमिका निभाएं। इसी से विकसित भारत के स्वप्न को हम साकार कर पाएंगे।

केन्द्रीय कानून मंत्री ने बीकानेर जिले के राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में आयुर्वेद कॉस्मेटोलॉजी इकाई का किया शुभारम्भ

आयुर्प्रवेशिका कार्यक्रम भी हुआ आयोजित

द अनकवर्ड अपडेट



बीकानेर। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को बीकानेर के राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में आयुर्वेद कॉस्मेटोलॉजी इकाई का शुभारंभ किया। इस इकाई का उद्देश्य आयुर्वेद के प्रमाण-आधारित उपचारों के माध्यम से त्वचा, बाल एवं समग्र स्वास्थ्य एवं सौंदर्य संबंधी समस्याओं का उपचार एवं स्वास्थ्य संवर्धन करना है।

केन्द्रीय मंत्री ने विद्यार्थियों से आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों का गहन अध्ययन करने, प्राचीन ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ समझने तथा मानव कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के विस्तार, नवाचार, अनुसंधान एवं गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेद शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।

स्वामी विमर्शानंद महाराज ने आयुर्वेद की पुरातन परंपरा और भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्त्व के बारे में बताया। जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता के साथ चिकित्सा क्षेत्र में समर्पण और सेवा भावना के कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रमोद मिश्रा ने कॉस्मेटोलॉजी इकाई की आवश्यकता और कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस इकाई का उद्देश्य पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान एवं आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के समन्वय से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाना है। महाविद्यालय के द्रव्यगुण विभागाध्यक्ष डॉ. के. सी. अरोड़ा ने आयुर्वेद में त्वचा एवं बालों से संबंधित रोगों के प्रमाण-आधारित उपचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में आयुर्वेद कॉस्मेटोलॉजी इकाई के माध्यम से त्वचा एवं बालों के विभिन्न विकारों के लिए आयुर्वेद आधारित उपचार एवं परामर्श सेवाएं संचालित की जा रही है।

इस दौरान नवप्रवेशित बीएएमएस विद्यार्थियों के लिए आयुर्प्रवेशिका कार्यक्रम आयोजित किया गया।

देवनानी आज करेंगे अजमेर विधान सभा दीर्घा का लोकार्पण और अजमेर विधान सभा वेबसाइट का शुभारम्भ

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राजस्थान विधान सभा में संविधान दिवस के अवसर पर आज प्रातः 11:30 बजे विशेष समारोह का आयोजन होगा। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि इस समारोह में संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों, विधायी परंपराओं तथा संसदीय व्यवस्था के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस समारोह में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी राज्य मंत्री संजय शर्मा और डॉ. अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय की कुलगुरू डॉ. निष्ठा जायसवाल को आमंत्रित किया गया है।

संग्रहालय में अजमेर विधान सभा दीर्घा का होगा लोकार्पण

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में नवनिर्मित अजमेर विधान सभा दीर्घा तथा अजमेर विधानसभा वेबसाइट का लोकार्पण करेंगे। यह समारोह संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका से आमजन, विशेषकर युवा पीढ़ी को परिचित कराने का प्रयास है।

इस दीर्घा में अजमेर विधान सभा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियों का समावेश किया गया है। जयपुर के केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 18 विद्यालयों में अध्ययनरत 252 छात्र-छात्राएं तथा 20 शिक्षक इस समारोह में शामिल होंगे।

यह अवसर युवा पीढ़ी को भारतीय संविधान की प्रस्तावना, संवैधानिक प्रावधानौ, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा लोकतांत्रिक शासन प्रणाली की समझ विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण होगा।

लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करेगा कार्यक्रम

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि यह समारोह संविधान के प्रति सम्मान, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करेगा। दीर्घा का लोकार्पण और वेबसाइट का शुभारंभ विधायी गतिविधियों से संबंधित जान और सूचनाओं को व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संविधान दिवस का आयोजन संविधान निर्माताओं के योगदान के स्मरण के साथ-साथ संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और राष्ट्र के प्रति नागरिक दायित्वों के प्रति जन-जागरुकता का महत्वपूर्ण अवसर है।

छात्र-छात्राओं को दी जायेगी हमारा संविधान पुस्तिका

स्पीकर देवनानी ने बताया कि संविधान को जानने के लिए छात्र-छात्राओं को हमारा संविधान पुस्तिका दी जायेगी। 55 पृष्ठों की पुस्तिका में संविधान के ऐतिहासिक संदर्भ और दार्शनिक पक्षों का समावेश किया गया है। देवनानी ने बताया कि यह कृति संविधान के आदर्शों, कर्तव्यों और अधिकारों के संतुलन को समझने के साथ ही लोगों को राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर अविचल भाव से आगे बढने की प्रेरणा देगी।

संविधान दिवस पर विधान सभा में आयोजित होने वाले इस समारोह का सजीव प्रसारण राजस्थान विधान सभा के यू-ट्यूब चैनल पर होगा।

समारोह में आने वाले छात्र-छात्राएं विधान सभा सदन, भवन और संग्रहालय का अवलोकन करेंगे। लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रमुख केंद्र विधानसभा की कार्यप्रणाली, ऐतिहासिक महत्व एवं संसदीय परंपराओं के बारे में भी विद्यार्थी जानकारी प्राप्त करेंगे।

दो से अधिक संतान वाले कार्मिकों को पदोन्नति तो मिल सकती है, लेकिन एसीपी नहीं – यह कैसा विरोधाभास?

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। कार्मिक विभाग की 16 मार्च 2023 की अधिसूचना के तहत 1 जून 2002 के पश्चात दो से अधिक संतान होने पर पदोन्नति को तीन वर्ष आगे खिसकाने के नियम को समाप्त कर दिया गया था। इसके स्थान पर संबंधित कार्मिकों को उनकी मूल वरिष्ठता के अनुसार भूतलक्षी प्रभाव से रिव्यू डीपीसी के माध्यम से पदोन्नति देने की छूट दी गई थी। लेकिन, विडंबना यह है कि कार्मिक विभाग द्वारा एसीपी (ष्टक्क) पर लगाई गई 3 वर्ष की रोक को अभी तक नहीं हटाया गया है।

?इस विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर बुधवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव, वित्त सचिव तथा कार्मिक सचिव को ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने मांग की है कि दो से अधिक संतान वाले कार्मिकों को पदोन्नति के समान ही एसीपी में भी पूरी छूट प्रदान की जाए।

प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान नियम से विशेषकर छोटे विभागों के कर्मचारियों के साथ सीधा भेदभाव हो रहा है। ऐसे विभागों में पदोन्नति के अवसर बेहद सीमित होते हैं, जिससे करियर ठहराव (स्टैग्नेशन) को दूर करने के लिए एसीपी ही कर्मचारियों का एकमात्र सहारा होती है।

?उन्होंने इसे एक अत्यंत गंभीर विरोधाभास बताते हुए कहा कि 'दो से अधिक संतान वाले कार्मिकों को पदोन्नति तो दी जा सकती है, लेकिन उन्हें एसीपी के लाभ से वंचित रखा जा रहा है।' जबकि एसीपी देने में न तो रिव्यू डीपीसी की आवश्यकता होती है और न ही इससे किसी अन्य कर्मचारी की वरिष्ठता प्रभावित होती है। महासंघ द्वारा पूर्व में भी इस तर्कसंगत मांग को सरकार के समक्ष रखा जा चुका है, लेकिन नियमों में यह विरोधाभास अब तक बना हुआ है। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के साथ प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरूका, सहायक कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष नरपत सिंह, कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश चौधरी, तकनीकी कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह यादव शामिल रहे।

प्रदेश में यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता

किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए आपूर्ति व्यवस्था होगी सुदृढ़:मुख्य सचिव

नैनो यूरिया, एसएसपी एवं एनपीके जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए किसानों को किया जाए जागरूक





जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में रबी फसलों की बुवाई के दौरान किसानों को यूरिया एवं डीएपी की सुगम, समयबद्ध एवं पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों की मांग, आपूर्ति एवं जिलेवार उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों एवं उर्वरक कंपनियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में यूरिया एवं डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को बुवाई के दौरान खाद की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग एवं उर्वरक निर्माता कंपनियां समन्वित प्रयास करते हुए आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित मासिक आवंटन के अनुरूप राज्य को आपूर्ति नहीं करने वाली कंपनियों के आवंटन में कटौती कर उसे बेहतर आपूर्ति करने वाली सक्षम कंपनियों को अंतरित करने के लिए कृषि विभाग केंद्र सरकार से समन्वय एवं पत्राचार करे। बैठक के आरंभ में कृषि विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती मंजू राजपाल ने प्रदेश में रबी एवं खरीफ 2026-27 के दौरान रासायनिक उर्वरकों की मांग, आपूर्ति एवं उपलब्धता की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि राज्य में यूरिया की आपूर्ति व उपलब्धता संतोषजनक स्थिति में है। खरीफ के दौरान आवंटन के विरुद्ध 112 प्रतिशत आपूर्ति दर्ज की गई तथा वर्तमान में भी प्रारंभिक स्टॉक व निरंतर आवक के चलते 9.64 लाख मीट्रिक टन की सुदृढ़ उपलब्धता बनी हुई है। डीएपी के संदर्भ में उन्होंने अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बावजूद राज्य में आपूर्ति तंत्र को निरंतर सक्रिय रखा गया है तथा अधिकांश जिलों में 8 से 10 दिन का अग्रिम बफर स्टॉक सुनिश्चित है। इसके साथ ही उन्होंने गत 6 अक्टूबर की बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना, कंपनियों द्वारा आवंटन के विरुद्ध कम आपूर्ति पर भारत सरकार से पत्राचार, एफएफएस पोर्टल के राज्यव्यापी क्रियान्वयन तथा यूरिया डायवर्जन पर पुलिस व राजस्व तंत्र के साथ की गई संयुक्त कार्रवाइयों की प्रगति से भी अवगत कराया। बैठक में कृषि आयुक्त श्री नरेश गोयल ने उर्वरकों के अवैध डायवर्जन, भंडारण एवं कालाबाजारी की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में संचालित अभियान की प्रगति से अवगत कराया।

जयपुर में विला में आग, पति-पत्नी और दो बच्चे झुलसे: दादा ने बचाई पोते की जान, नींद में सो रहा था परिवार

द अकवर्ड अपडेट



जयपुर। जयपुर के नारायण विहार इलाके में बुधवार तड़के एक विला में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने की कवायद में दंपती सहित दो बेटियां झुलस गई, जबकि बेटे को झुलसने से बचा लिया गया।

स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें सकुशल निकालकर अस्पताल पहुंचाया। उनके चेहरे आग की लपटों से झुलसे हैं, जबकि शरीर सुरक्षित होने के चलते हालत खतरे से बाहर है। हादसे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार हादसा तडक़े करीब 5 बजे मांग्यावास स्थित कीर्ति नगर में बने एक विला में हुआ। यहां नीरज (43) अपनी पत्नी गौरी (40) और 10-12 साल के दो बेटियों के अलावा 6 साल के बेटे के साथ रहता है। विला की ऊपरी मंजिल पर परिवार सोया था जबकि निचली मंजिल पर नीरज का दादा सो रहे थे।

इस दौरान कमरे में आग लगी तो बिस्तरों तक पहुंच गई। दंपती ने आग बुझाने का प्रयास किया जिसके चलते पति-पत्नी और दोनों बेटियों के चेहरे झुलस गए। समय रहते सभी को बाहर निकाला ,जिससे पूरे परिवार के जिंदगी बच गई। आग थोडा और भभकती तो जनहानि हो सकती थी।

दादा ने बचाया पोता

आग लगने से घर में मची अफरा-तफरी के बीच परिवार की चीख सुनकर स्थानीय लोग घरों से निकल कर दौड़ पड़े। निचली मंजिल पर सो रहे दादा ने बिना समय गंवाए 6 साल के पोते को गोद में भरकर बाहर निकाल लिया। हादसे में कमरे के फर्नीचर सहित कपड़े जले हैं, मगर ज्यादा नुक्सान होने से बच गया।

शॉर्ट सर्किट से हादसा

प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि आग का कारण बिजली का शॉर्ट रहा। जिस कमरे में दपती सोया उसी में आग लगी। सर्दी के चलते उन्हें चिंगारी का पता नहीं चला और इसी बीच चिंगारी फर्नीचर-कपड़ों तक पहुंची तो आग का रूप ले लिया। हालांकि स्थानीय लोग और परिवार की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

न्यूज ब्रीफ

जयपुर में डीजे बंद करवाने गई पुलिस टीम पर हमला

एसआई समेत पुलिसकर्मियों से मारपीट,वर्दी फाड़ी, मोबाइल तोड़े; 12 लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के खो नागोरियान थाना इलाके में पुलिस टीम के साथ मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। आरोप है कि करीब एक दर्जन लोगों ने उपनिरीक्षक (स्ढ्ढ) रामफूल और उनके साथ मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ दी। वहीं, पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिए गए। घटना 23 नवंबर (सोमवार) देर रात करीब 12 बजे की है। मामले में उपनिरीक्षक रामफूल की शिकायत पर 24 नवंबर (मंगलवार) को खो नागोरियान थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

हाईकोर्ट ने सरकार पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

फैमली कोर्ट में सुविधाओं से जुड़े मामले में सरकार ने 6 साल बाद भी नहीं दिया था जवाब

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान सरकार पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है। सरकार ने प्रदेश के पारिवारिक न्यायालयों से जुड़ी जनहित याचिका में 6 साल से जवाब पेश नहीं किया था। इस पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने सरकार पर जुर्माना लगा दिया। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल की खंडपीठ ने यह निर्देश 'जागो जनता सोसायटी' की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि यह PIL साल 2011 से चल रही है। हाईकोर्ट ने 29 अगस्त 2019 को राज्य सरकार को प्रदेश के फैमली कोर्ट में आधारभूत सुविधाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे। वहीं 6 साल बाद भी राज्य सरकार ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

हाईकोर्ट ने खारिया तालाब के संरक्षण के निर्देश दिए: तीन महीने में काम पूरा करने को कहा; किनारों पर गार्डन बनेंगे

द अनकवर्ड अपडेट



जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने डीडवाना के सालासर रोड स्थित खारिया तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का काम तीन महीने में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने तालाब के किनारों पर गार्डन डवलप करने को भी कहा है। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने उत्थान विधिक सहायता और सेवा संस्थान के अध्यक्ष सरवर खान की जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिका में राष्ट्रीय जल नीति-2012 के तहत वर्षा जल संचयन के इस स्रोत को बचाने की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि तालाब में जाने वाले सभी सीवरेज कनेक्शन काट दिए गए हैं। चारदीवारी बनाने और सौंदर्यीकरण के लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं। कोर्ट ने इन कामों को पूरा करने और तीन महीने बाद रजिस्ट्री में अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया राजस्थान पवेलियन का भ्रमण

पारंपरिक शिल्प एवं आधुनिक तकनीकी नवाचारों की सराहना की



जयपुर(नि.सं.)। 45वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF-2026) में राजस्थान के भव्य पवेलियन का मंगलवार को केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पवेलियन की व्यापक तैयारियों, आकर्षक साज-सज्जा, राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं आधुनिक तकनीकी नवाचारों के प्रभावशाली समन्वय की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने अपनी विरासत, कला, संस्कृति और विकास की संभावनाओं को एक ही मंच पर बेहद आकर्षक एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया है। मेघवाल ने पवेलियन में स्थापित सभी स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विभिन्न शिल्पकारों, हस्तशिल्पियों, उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों, पारंपरिक निर्माण तकनीकों एवं शिल्पकला के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कारीगरों के हुनर और रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। ब्लू पॉटरी, कोटा डोरिया, मोलेला टेराकोटा, मीनाकारी, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा विभिन्न स्वयं सहायता समूहों (स्ाात्रह्य) के स्टॉल सहित राजस्थान के विभिन्न विशिष्ट उत्पादों एवं हस्तशिल्प प्रस्तुतियों में उन्होंने विशेष रुचि दिखाई। पवेलियन में आयोजित लाइव डेमो एवं हैंड्स-ऑन गतिविधियां उनके विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

उन्होंने मोलेला, मेहंदी कला, 3ष्ठ प्रिंटिंग, बगरू ब्लॉक प्रिंटिंग, टाई एंड डाई तथा पारंपरिक दरी निर्माण के लाइव प्रदर्शनों का अवलोकन किया।

चूरू-राठौड़ की साख बची, बीकानेर- बगावत फिर भी जीती कांग्रेस

भाजपा का ब्यावर में खेल बिगड़ा; 8 से ज्यादा जिलों में क्रॉस वोटिंग

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राजस्थान के 37 जिलों में बुधवार को हुए जिला प्रमुख के चुनाव में चूरू, ब्यावर में सबसे बड़ा उलटफेर हुआ। चूरू में बहुमत नहीं होने के बाद भी पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह भाजपा से जिला प्रमुख बन गई। वहीं ब्यावर में बहुमत होने के बाद भी भाजपा हार गई। सीकर, चूरू, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, धौलपुर, डीग, ब्यावर समेत कई जिलों में क्रॉस वोटिंग हुई।

37 जिलों में से जयपुर समेत 24 जिलों में कांग्रेस, 10 में भाजपा, दो जगह बीएपी और नागौर में आरएलपी के जिला प्रमुख बने हैं। दौसा, सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में कांग्रेस को निर्विरोध जीत मिली। डूंगरपुर और डीडवाना-कुचामन में लॉटरी से जिला प्रमुख का फैसला हुआ। 26 जिलों में महिला जिला प्रमुख बनीं। 16 जिले इनके लिए आरक्षित थे।

20 नवंबर को आए जिला परिषद सदस्यों के रिजल्ट में कांग्रेस को 23 जिलों, भाजपा को 5 और नागौर में आरएलपी को बहुमत मिला था। कांग्रेस 4 जगह, भाजपा को एक जगह बढ़त थी। तीन जगह भाजपा-कांग्रेस-निर्दलीय बढ़त में थे।

जिला प्रमुख चुनाव-2026

पार्टी	जीते	पिछले नतीजे
कांग्रेस	24	10
भाजपा	10	16
अन्य (BAP-2, RLP-1)	03	03
कुल	37/37	29

नोट- *पिछली बार 33 जिलों में चुनाव हुए थे। इस बार 41 में। अभी 37 जिलों में रिजल्ट आया।*

सबसे कम, ज्यादा उम्र के जिला प्रमुख

जैसलमेर में कांग्रेस से जीतीं संतोष कुमारी और झालावाड़ से भाजपा से जीतीं वर्षा झाला सबसे कम उम्र 21 साल की और जालोर के आसुराम सबसे ज्यादा उम्र 64 साल के जिला प्रमुख बने।

बीकानेर में विधायक की बहू जीतीं, पूर्व मंत्री की बेटी हारीं

सबसे हॉट सीट बीकानेर में कांग्रेस विधायक की बहू निकिता डूडी ने जीत दर्ज की। यहां पूर्व मंत्री गोविंद मेघवाल की बेटी सरिता चौहान बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया।

विधायक, पूर्व मंत्री की पत्नी निर्विरोध जीतीं

दौसा में विधायक डीसी बैरवा की पत्नी बीना बैरवा को जीत मिली है। सवाई माधोपुर में पूर्व मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी आशा देवी ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस विधायक अर्जुन बामणिया के बेटे विकास बामनिया को हार का सामना करना पड़ा।

जयपुर में ट्रेडिंग के नाम पर 9.31 लाख की ठगी:आधा दर्जन से ज्यादा मामले सामने आए



जयपुर। राजधानी जयपुर में साइबर ठग लगातार लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। पिछले दिनों शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के आधा दर्जन मामले सामने आए हैं। कहीं ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिए गए तो कहीं कस्टमर केयर पर कॉल करना भारी पड़ गया। ऑनलाइन धमकी देकर भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया। वैशाली नगर में एक व्यक्ति से 64 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने सभी मामलों में साइबर ठगी की धाराओं में मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रेडिंग के नाम पर महिला से 9.31 लाख की ठगी

मोतीडूंगरी थाना क्षेत्र के सेठानी जी का बाग निवासी तरु अग्रवाल (48) साइबर ठगी का शिकार हो गईं। अज्ञात लोगों ने उन्हें ट्रेडिंग के नाम पर झांसे में लेकर 9 लाख 31 हजार 36 रुपए की धोखाधड़ी की। पीड़िता की शिकायत पर मोतीडूंगरी थाना पुलिस ने 23 नवंबर को मामला दर्ज किया। कस्टमर केयर पर कॉल करना बुजुर्ग को पड़ा भारी

गांधी नगर थाना क्षेत्र में 72 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद जैन के साथ 94,140 रुपए की साइबर ठगी हुई।

पीड़ित ने 25 अक्टूबर को टाटा 1द्वद्द की डिलीवरी जल्दी करवाने के लिए कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया था। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने उन्हें 5 रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा।

मजबूरी का गठबंधन | पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला

भाजपा-अकाली दल के बीच मजबूरी का गठबंधन: सचिन पायलट



जयपुर । पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के गठबंधन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा-अकाली दल के गठबंधन को मजबूरी का गठबंधन करार दिया। सचिन पायलट ने कहा कि पंजाब के लोग इस गठबंधन को सिरे से नकारेंगे। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का होगा। आम आदमी पार्टी की सरकार बहुत जल्द गिरने वाली है। सचिन पायलट ने जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷6 साल पहले अकाली दल ने तीन कृषि कानूनों का विरोध करते हुए भाजपा का साथ छोड़ा था। मेरे ख्याल से आंदोलन में 700 लोगों की जान गई थी। उन्होंने सवाल किया, क्या भारतीय जनता पार्टी ने एमएसपी पर किसी को गारंटी का आश्वासन दिया है? क्या कोई विशेष पैकेज पंजाब को दिया है? सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार और ड्रग्स जैसे कई आरोप लगाए थे। क्या गठबंधन के समय वे सभी कारण खत्म हो गए हैं? उन्होंने कहा, गठबंधन एक मजबूरी का परिचय है। पंजाब में उनकी (भाजपा) की कोई राजनीतिक जमीन नहीं है। पंजाब विधानसभा में भाजपा-अकाली दल के समीकरण ठीक नहीं बैठ रहे थे, इसलिए मजबूरन इन लोगों को गठबंधन करना पड़ा है। इन दलों ने जो कुछ एक-दूसरे के लिए कहा था, उसे एक तरफ रखकर ये लोग साथ आए हैं। पायलट ने कहा, जनता सारी बात देख रही है और यह गठबंधन अवसरवादिता का एक सबसे बड़ा उदाहरण है। सत्ता हासिल करने की कोशिश में आपने सिद्धांत, नैतिकता, राजनीति और जो कुछ आपने कहा, उस सबको साइड पर रखकर लोगों को भ्रमित करने के लिए आगे आए हैं। पंजाब के लोग इस गठबंधन को सीधे नकारेंगे। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का होगा। आम आदमी पार्टी की सरकार बहुत जल्द गिरने वाली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सात सांसद एनडीए में जा चुके हैं। पार्टी के दो विधायक भाजपा में जा चुके हैं।

और एक विधायक को निलंबित किया गया। मंत्रियों के टिकटों की भी घोषणा अभी आम आदमी पार्टी ने नहीं की है। उन्होंने कहा कि पंजाब को जो वैकल्पिक व्यवस्था दे सकता है, वह कांग्रेस पार्टी है।

सम्पादकीय

बचपन की चुनौतियां

बचपन किसी भी राष्ट्र की सबसे अनमोल पूंजी और उसके भविष्य की आधारशिला होता है। बच्चों की जिज्ञासा, कल्पनाशीलता, संवेदनशीलता और रचनात्मकता ही एक स्वस्थ समाज की वास्तविक पहचान है। प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। यह अवसर केवल नेहरू के विचारों को याद करने का नहीं, बल्कि बदलते समय में बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य का मूल्यांकन करने का भी है। इक्कीसवीं सदी में बचपन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कभी बच्चों की दुनिया खेल के मैदानों, पुस्तकों, कहानियों और मित्रों के साथ विकसित होती थी, लेकिन आज मोबाइल, इंटरनेट, सामाजिक माध्यमों और आभासी खेलों ने उनके दैनिक जीवन में गहरी जगह बना ली है। तकनीकी क्रांति ने शिक्षा और सूचना के नए अवसर उपलब्ध करवाए हैं। डिजिटल पुस्तकालय, शैक्षणिक चलचित्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित साधन सीखने की प्रक्रिया को सरल और रोचक बना रहे हैं। इसलिए बच्चों को तकनीक से दूर रखना समाधान नहीं, बल्कि उसका विवेकपूर्ण और संतुलित उपयोग सिखाना समय की आवश्यकता है। यूनिसेफ के जून 2026 में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, दस देशों के आंकड़ों के विश्लेषण में कम से कम दो करोड़ बच्चों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किए जाने का अनुमान सामने आया। इनमें लगभग एक करोड़ तीस लाख बच्चे पढ़ाई और गृहकार्य में सहायता के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। यह स्थिति बताती है कि तकनीक बच्चों की शिक्षा और जीवन का अभिन्न हिस्सा बन रही है। लेकिन गलत जानकारी, निजता का उल्लंघन और कृत्रिम चित्रों के माध्यम से उत्पीडन् जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

सिग्नेचर ग्लोबल की Q2FY27 में आय 148% बढ़कर 8.2 अरब रुपये हुई; 0.7 अरब रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया

नई दिल्ली। सिग्नेचर ग्लोबल (BSE: 543990 7 NSE: SIGNATURE), भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक, ने आज घोषणा की कि Q2FY27 में उसकी आय सालाना आधार पर (YoY) 148% बढ़कर 8.2 अरब रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 3.3 अरब रुपये थी।

कंपनी ने Q2FY27 में 0.7 अरब रुपये का कर-पश्चात लाभ (PAT) दर्ज किया, जो Q2FY26 के 0.5 अरब रुपये के कर-पश्चात घाटे से एक उल्लेखनीय सुधार है।

Q2FY27 में प्री-सेल्स 18.3 अरब रुपये रही, जबकि संग्रह सालाना आधार पर 9% बढ़कर 10.1 अरब रुपये हो गया, जो Q2FY26 में 9.3 अरब रुपये था।



यह प्रदर्शन स्थिर मांग और मज़बूत क्रियान्वयन को दर्शाता है। कंपनी रणनीतिक लॉन्च, अनुशासित डिलीवरी और विविध पोर्टफोलियो के ज़रिए इस गति को बनाए रखने पर केंद्रित है।

कंपनी की औसत बिक्री प्राप्ति 12.3% बढ़कर 17,122 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई, जबकि FY26 में यह 15,250 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

इसका कारण गुरुग्राम के सेक्टर 71 में SPR पर प्रीमियम टोनिनो लैम्बॉर्गिनी रेज़िडेंसेज़ का सफल लॉन्च रहा।

कंपनी का समायोजित सकल लाभ मार्जिन Q2FY26 के 35% से बढ़कर Q2FY27 में 36% हो गया, जो परियोजना क्रियान्वयन में निरंतर मज़बूती को दर्शाता है।

परिचालन लाभप्रदता में तेज़ सुधार हुआ।

समायोजित EBITDA मार्जिन Q2FY26 के नकारात्मक 7% से बढ़कर Q2FY27 में 18% हो गया। इसका कारण अधिक राजस्व मान्यता, मार्जिन में वृद्धि और परिचालन दक्षता रही।

पीएसएसआर साथी: कोटा में 200 से अधिक फैब्रिकेटर्स ने सीखीं स्टील फैब्रिकेशन की नई बारीकियां

कोटा। स्टेनलेस स्टील पाइप निर्माता पी एस राज स्टील्स लिमिटेड (पीएसएसआर), हिसार ने शनिवार को होटल लोटस अनंता में 'पीएसएसआर साथी' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कोटा और आसपास के क्षेत्रों से 200 से अधिक फैब्रिकेटर्स और डीलर्स शामिल हुए। कार्यक्रम में फैब्रिकेटर्स को बताया गया कि स्टील के काम में फिनिशिंग कैसे सुधारें और वेल्डिंग के निशान कैसे हटाएं। रेलिंग, गेट और फर्नीचर के नए डिज़ाइन भी दिखाए गए। कंपनी ने अपनी निर्माण प्रक्रिया और उत्पादों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सम्मान समारोह रहा। जिन फैब्रिकेटर्स ने पीएसएसआर पाइप से बेहतरीन डिज़ाइन बनाए, उन्हें 'बेस्ट डिज़ाइन' पुरस्कार मिला। सबसे अधिक खरीद करने वाले ग्राहकों को 'बेस्ट सेलर' पुरस्कार दिया गया।



कई वर्षों से कंपनी से जुड़े फैब्रिकेटर्स ने अपने अनुभव भी साझा किए। कंपनी के जेनरल मैनेजर जयदीप गुप्ता ने कहा, 'फैब्रिकेटर हमारे उद्योग की असली ताकत हैं। पीएसएसआर साथी के ज़रिए हम उनके हुनर का सम्मान करना चाहते हैं और उन्हें नई तकनीक से जोड़ना चाहते हैं, ताकि उनका काम और बेहतर हो सके। कोटा हमेशा से हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार रहा है और यहां के ग्राहकों का भरोसा ही हमारी पूंजी है।'



सुरमन संस्थान स्थापना दिवस कल

जयपुर। निराश्रित और परित्यक्त बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए पिछले 27 साल से कार्यरत सुरमन संस्थान का स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर स्थित पत्रिका गेट पर सुरमन हैल्पलाईन को लोकार्पित करेंगें। सुरमन संस्थान की सचिव मनन चतुर्वेदी ने बताया कि कल दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में सुरमन संस्थान में आवासित बच्चे भी इस अवसर पर गुब्बारे,कबूतर उडाकर निराश्रित और परित्यक्त बच्चों के प्रति समाज का ध्यान आकृष्ट करेंगें। उन्होंने बताया कि सुरमन संस्थान इस अवसर पर सुरमन हैल्पलाईन का एक पोस्टर भी जारी किया जाएगा, जिसमें किसी भी बच्चे की मदद के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और सुरमन द्वारा की जाने वाली सहायता का विवरण होगा।

उन्होंने बताया कि सुरमन संस्थान पिछले 27 वर्षों से निराश्रित और परित्यक्त बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए कार्य कर रहा है। इस अवधि में सुरमन ने 750 से अधिक बच्चों को पुनर्वासित किया है। वर्तमान में भी सुरमन संस्थान 125 से अधिक बच्चों को पुनर्वासित करने के लिए प्रयासरत है।

टीचर्स ने भारत में अपनी पहली हाइलैंड सिंगल माल्ट रेंज पेश की

नई दिल्ली। अपनी क्रीमी, माल्ट-फॉरवर्ड ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की के लिए पूरे विश्व में मशहूर ब्रांड, टीचर्स ने आज भारत में अपनी पहली हाइलैंड सिंगल माल्ट रेंज पेश की। इस नई रेंज में खास हाइलैंड माल्ट व्हिस्की शामिल है, जो कई पीढ़ियों से टीचर्स का सिग्नेचर कैरेक्टर बन गई है। इसके साथ ही भारत में इस प्रतिष्ठित स्कॉच ब्रांड के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। टीचर्स 12-ईयर-ओल्ड, 15-ईयर-ओल्ड और 18-ईयर-ओल्ड सिंगल माल्ट के साथ पहली बार टीचर्स का सिग्नेचर माल्ट कैरेक्टर अलग-अलग बॉटल्स में उपलब्ध हो रहा है।

इसे स्कॉटिश हाइलैंड्स की द आर्डमोर डिस्टिलरी में डिस्टिल और मैच्योर किया गया है। यह नई रेंज भारत में व्हिस्की-प्रेमियों को टीचर्स के साथ हाइलैंड माल्ट का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करती है। आर्डमोर लंबे समय से टीचर्स के ब्लेंड्स में हल्का पीटेड माल्ट प्रदान करता आया है। इसे 1898 में टीचर फैमिली ने बनाया था, ताकि बेहतरीन स्पिरिट की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस रेंज के माध्यम से यह डिस्टिलरी हाइलैंड स्टाईल पेश करती है। इसका हर एक्सप्रेशन जेंटल स्मोक और स्वीटनेस को टीचर्स के स्मूथ और क्रीमी सिग्नेचर कैरेक्टर से जोड़ता है।

नोबुकाजु ओकी, मार्केटिंग डायरेक्टर एवं हेड ऑफ इनोवेशंस, संटोरी ग्लोबल स्पिरिट्स इंडिया ने कहा, 'भारत ने कई पीढ़ियों से टीचर्स के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस के लिए अमेजन और एयरटेल के बीच बड़ी डील की तैयारी, स्टारलिंक को मिलेगी चुनौती

नई दिल्ली। भारत में सैटेलाइट इंटरनेट कारोबार में एंट्री के लिए छटपटा रहे दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के लिए बुरी खबर है। दुनिया के दूसरे सबसे रईस जेफ बेजोस उन्हें चुनौती देने जा रहे हैं। जेफ बेजोस की कंपनी अमेजन और सुनील मित्तल के भारती ग्रुप के बीच भारत में सैटेलाइट इंटरनेट कारोबार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। दोनों कंपनियों के बीच इस संबंध में एडवांस स्तर पर बातचीत चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत का नेतृत्व भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल कर रहे हैं।प्रस्तावित समझौते के तहत भारती ग्रुप भारत में अमेजन की सैटेलाइट कम्युनिकेशन कंपनी अमेजन लियो के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्राउंड गेटवे के मैनेजमेंट में भूमिका निभा सकता है। इससे अमेजन को भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने में मदद मिलेगी।भारती ग्रुप के चेयरमैन सुनील मित्तल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि कंपनी सैटेलाइट इंटरनेट कारोबार में अपना अलग नेटवर्क खड़ा करने के बजाय ग्लोबल कंपनियों के साथ साझेदारी को प्राथमिकता



देगी। भारती ग्रुप की Eutelsat OneWeb में भी करीब 18 फीसदी हिस्सेदारी है। **भारत ने अभी तक सैटकॉम सेवाओं के लिए अनुमति नहीं दी है**-सुनील मित्तल का कहना है कि भारती ग्रुप वनवेब में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 30% करने के लिए तैयार है, लेकिन वे मेजोरिटी कंट्रोल नहीं लेंगे। नए नियमों के लागू होने से पहले यूटेलसैट वनवेब, जियो सैटेलाइट और स्टारलिंक जैसी अन्य सैटकॉम कंपनियों को GMPCS ऑथराइजेशन के साथ यूनिफाइड लाइसेंस मिल चुका था। उनके लाइसेंस 20 साल तक मान्य रहेंगे। गौरतलब है कि भारत ने अभी तक सैटकॉम सेवाओं के लिए अनुमति नहीं दी है, क्योंकि सुरक्षा मंजूरी और स्पेक्ट्रम आवंटन की प्रक्रिया अभी लंबित है।

मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया, यह दोनों कंपनियों के लिए फायदे की स्थिति हो सकती है, अमेजन को मंजूरी लेने में लगने वाले समय की काफी बचत होगी, जबकि भारती एयरटेल को पर्याप्त सैटेलाइट क्षमता मिल जाएगी।

चित्रांगदा सिंह ने की सलमान खान की जमकर तारीफ, बोलीं- वो सबको बेस्ट दिखाते हैं

अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म मातृभूमि मे वॉर रेस्ट इन पीस में अभिनेता सलमान के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करने के अनुभव को याद करते हुए बताया कि अभिनेता की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास ने शुरुआत में उन्हें थोड़ा नर्वस कर दिया था। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में सलमान खान की जमकर तारीफ की। चित्रांगदा का कहना है कि सलमान खान में दूसरों से बेस्ट निकलवाने की काबिलियत है और इसी वजह से उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मजेदार हो गया। उन्होंने कहा, ÷सलमान खान के साथ काम करना वाकई शानदार और यादगार अनुभव रहा। उनकी प्रेजेंस बेहद दमदार है। कैमरे के सामने उनमें ऐसी सहजता और आत्मविश्वास रहता है कि शुरुआत में, तो मैं भी थोड़ा नर्वस हो गई थी, लेकिन उनके काम करने के तरीके में एक शानदार सहजता भी है, जो उनके साथ फ्रेम शेयर करना इतना मजेदार बना देती है और हर सीन में एक नेचुरल एनर्जी ले आती है। चित्रांगदा सिंह ने मातृभूमि के गानों में सलमान के साथ अपनी केमिस्ट्री को मिल रहे रिस्पॉन्स को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, जब से मातृभूमि के गाने आए हैं, तब से हमारी केमिस्ट्री को बहुत प्यार मिल रहा है और मैं इस रिस्पॉन्स को देखकर वाकई बेहद खुश हूं। जब दो एक्टर स्क्रीन पर एक खास कम्फर्ट और समझ शेयर करते हैं, तो दर्शक उसे महसूस कर पाते हैं और मुझे खुशी है कि हमारी जोड़ी दर्शकों को पसंद आ रही है। मैं वाकई चाहती हूं कि दर्शक फिल्म में हमारी जोड़ी को देखें। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह (चित्रांगदा इसमें सलमान की पत्नी का किरदार निभा रही हैं) मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पुराना नाम बैटल ऑफ गलवान था, जो भारत-चीन संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। सलमान प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म की कहानी एक भारतीय सैनिक (सलमान खान) के जीवन, युद्ध के खौफनाक मंजर, परिवार के दर्द और शांति के संदेश के इर्द-गिर्द घूमती है।





दिसंबर के पहले सप्ताह में बाजार में दस्तक देंगे दो आईपीओ

नई दिल्ली ।

भारतीय पूंजी बाजार में आगामी सप्ताह निवेशकों के लिए कई नए अवसर लेकर आ रहा है। दिसंबर के पहले सप्ताह में मोनोमार्क इंजीनियरिंग (इंडिया) लिमिटेड और मातंगी रबर लिमिटेड समेत चार कंपनियां अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आ रही हैं। इन कंपनियों का मकसद कारोबार विस्तार और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करना है। दिसंबर के पहले सप्ताह में मोनोमार्क इंजीनियरिंग (इंडिया) लिमिटेड और मातंगी रबर लिमिटेड पूंजी जुटाने के लिए अपना आईपीओ ला रही हैं। मोनोमार्क इंजीनियरिंग का आईपीओ 2 से 4 दिसंबर तक खुला रहेगा, जबकि मातंगी रबर का सार्वजनिक निर्गम 1 से 3 दिसंबर तक अभिदान के लिए उपलब्ध होगा। दोनों कंपनियां अपने आईपीओ खुलने से ठीक पहले एंकर निवेशकों के लिए बोली आयोजित करेंगी, मातंगी रबर के लिए 30 नवंबर को और मोनोमार्क इंजीनियरिंग के लिए 1 दिसंबर को। इसके अतिरिक्त नवंबर के अंतिम सप्ताह में भी दो अन्य आईपीओ बाजार में आएंगे। खाद्य सेवा क्षेत्र में कार्यरत फूडलिंक एफएंडबी होल्डिंग्स (इंडिया) लिमिटेड का आईपीओ 26 नवंबर को लॉन्च होगा। वहीं, निजी इक्विटी फर्म एवरस्टोन कैपिटल समर्थित चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच इंटेग्रिस मेडटेक अपना सार्वजनिक निर्गम 27 नवंबर को पेश करेगा, जिससे निवेशकों के पास विविध क्षेत्रों में निवेश के कई विकल्प उपलब्ध होंगे।

भारत-यूरोपीय संघ एफटीए से व्यापार, निवेश के नए अवसर खुलेंगे- जर्मन राज्य प्रमुख

प्रस्तावित समझौता दोनों पक्षों के लिए रोजगार, निवेश और व्यापार के नए द्वार खोलेगा

नई दिल्ली ।

जर्मनी के लोअर सैक्सोनी राज्य के प्रमुख ओलाफ लीस ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों पक्षों के बीच निवेश, व्यापार और रोजगार के नए अवसर खोलेगा। इस समझौते पर दिसंबर तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जबकि इसकी बातचीत जनवरी में पूरी हो चुकी है। भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा पर आए लीस ने नई दिल्ली स्थित जर्मनी दूतावास में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एफटीए हमारे देशों के बीच अधिक निवेश, अधिक व्यापार और अधिक कारोबार के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस साल के अंत तक एफटीए को लेकर कोई समाधान निकल आएगा। करीब 60 राजनीतिक और व्यावसायिक प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लीस ने बताया कि यह समझौता भारत में निवेश करने की इच्छुक उनकी राज्य की कंपनियों के साथ ही जर्मनी में अवसर तलाश रहे भारतीय व्यवसायों को भी लाभ पहुंचाएगा। लीस अपनी यात्रा के दौरान दिल्ली, पुणे और मुंबई में बैठकें करेंगे। लोअर सैक्सोनी जर्मनी के प्रमुख राज्यों में से एक है।

बाजार की चाल से न बिगड़े निवेश का संतुलन, रीबैलेंसिंग से रखें जोखिम काबू में

एसेट एलोकेशन ड्रिफ्ट से बचें, जानें कब और कैसे करें निवेश पोर्टफोलियो को रीबैलेंस

नई दिल्ली ।

शेयर बाजार में लगातार तेजी निवेशकों के लिए खुशी लाती है, लेकिन इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण चुनौती भी पैदा होती है। यह तेजी आपके इक्विटी निवेश की वैल्यू को इतना बढ़ा सकती है कि आपके पूरे पोर्टफोलियो का जोखिम स्तर अनजाने में ही बढ़ जाए। इस स्थिति से बचने और अपने निवेश को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप रखने के लिए पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग एक बेहद जरूरी प्रक्रिया है। निवेशक आमतौर पर अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम क्षमता के आधार पर इक्विटी और डेट जैसे एसेट क्लास में एक निश्चित अनुपात तय करते हैं। हालांकि, बाजार में तेजी आने पर इक्विटी की वैल्यू तेजी से बढ़ती है, जिससे यह अनुपात बिगड़ जाता है। मान लीजिए, 60 फीसदी वाला पोर्टफोलियो बढ़कर 68 फीसदी इक्विटी का हो जाए, तो इसे एसेट एलोकेशन ड्रिफ्ट कहते हैं। यह ड्रिफ्ट आपके पोर्टफोलियो का जोखिम बढ़ा देता है, भले ही आपने कोई नया निवेश न किया हो। इस ड्रिफ्ट को ठीक करने और मूल एसेट एलोकेशन पर लौटने की प्रक्रिया को पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग कहते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य निवेश के जोखिम को आपकी क्षमता के अनुसार नियंत्रित रखना और यह सुनिश्चित करना है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों की दिशा में सही ट्रैक पर रहें। यह प्रक्रिया रोज या हर महीने करने की बजाय, साल में एक बार किसी तय तारीख पर करनी चाहिए।

निजी निवेश में ज़बरदस्त उछाल- सीआईआई रिपोर्ट

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में परियोजना घोषणाएं 26.6 लाख करोड़ पहुंचीं

नई दिल्ली ।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में निजी क्षेत्र के निवेश में उल्लेखनीय तेजी आई है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में निजी क्षेत्र की नई परियोजना घोषणाएं सालाना आधार पर 58.5 प्रतिशत बढ़कर 26.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गईं। यह वृद्धि सरकारी नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और बढ़ते निवेशक भरोसे का प्रमाण है। सीआईआई के निजी निवेश सूचक के दूसरे संस्करण में बताया गया कि इस अवधि में कुल परियोजना घोषणाओं में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 86.2 प्रतिशत रही, जो पिछले साल 74.2 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा पिछले दशक की समान अवधियों के औसत का 4.4 गुना है। सीआईआई के एक अधिकारी ने इस सफलता का श्रेय सरकार के सतत नीतिगत सुधारों और नियामकीय ढांचे में सुधार को दिया, जिससे निजी निवेश के लिए एक मजबूत अनुकूल माहौल बना है। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग इन अवसरों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहा है। रिपोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि यह सुधार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वास्तविक पूंजी निर्माण में भी परिलक्षित हो रहा है। लगभग 1,800 सूचीबद्ध निजी कंपनियों का सकल पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2025-26 में 12.4 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सकल घरेलू उत्पाद का 3.6 प्रतिशत है।

टाटा स्टील-एपीएल अपोलो मेगा डील-शेयर लुढ़के,कर्ज बढ़ा,भविष्य की संभावनाएं

28,000 करोड़ के सौदे में टाटा स्टील चुकाएगी ऊंची कीमत

नई दिल्ली ।

देश के स्टील सेक्टर में एक बड़ी हलचल के तहत टाटा स्टील और एपीएल अपोलो ट्यूब्स के बीच लगभग 28,000 करोड़ रुपये की एक मेगा डील चर्चा में है। इस सौदे के तहत टाटा स्टील, एपीएल अपोलो में 52.6 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रही है, साथ ही अपना ट्यूब और कलर कोटेड कारोबार एपीएल अपोलो को बेचेगी। इस खबर से निवेशकों में चिंता बढ़ गई, जिसके चलते 23 नवंबर, को टाटा स्टील के शेयर 8 फीसदी और एपीएल अपोलो के शेयर 21 फीसदी से अधिक गिर गए। यह मेगा डील दोनों कंपनियों के कारोबार में बड़ा बदलाव लाने वाली है। टाटा स्टील एपीएल अपोलो में 52.6 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए अधिकतम 32,266 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है। इसके समानांतर, वह अपना ट्यूब कारोबार और टाटा स्टील कलर्स का पूरा कारोबार 28,000 करोड़ रुपये में एपीएल अपोलो को बेचेगी। हालांकि, इस सौदे की खबर के साथ ही शुरुआती खर्च, बढ़ते कर्ज और कमाई पर दबाव की आशंका ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी।

जानकारों का मानना है कि टाटा स्टील एपीएल अपोलो की हिस्सेदारी के लिए काफी ऊंची कीमत चुका रही है, जिसकी एंटरप्राइज वैल्यू करीब 60,000 करोड़ रुपये आंकी गई है। डील के बाद टाटा स्टील के कर्ज का बोझ बढ़ने का अनुमान है। सितंबर 2026 में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट डेट 91,400 करोड़ रुपये था, जो सौदा पूरा होने के बाद लगभग 1.20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

यानी, कंपनी पर करीब 28,600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज चढ़ेगा, जिससे कर्ज घटाने की रफ्तार धीमी हो सकती है। शुरुआती दो-तीन साल तक इस डील का टाटा स्टील की प्रति शेयर कमाई पर नकारात्मक असर दिखने की आशंका है। इसके बावजूद, इस सौदे से टाटा स्टील को एपीएल अपोलो का मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, ब्रांड और देशव्यापी कारोबार मिलेगा, जिससे भविष्य में स्टील पाइप और कलर कोटेड प्रोडक्ट के बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। दोनों कंपनियों की संयुक्त उत्पादन क्षमता वर्तमान में 75 लाख टन सालाना है, जिसे अगले 5-6 सालों में बढ़ाकर 1.55 करोड़ टन सालाना करने की योजना है। प्रबंधन को उम्मीद है कि नए कारोबार से 4-5 साल में करीब 10,000 करोड़ रुपये के एबिटा की क्षमता बन सकती है और साढ़े तीन साल में ईपीएस पर सकारात्मक असर दिखेगा।

विशेषज्ञों ने टाटा स्टील के शेयर पर खरीदारी की रेटिंग बरकरार रखते हुए 219 रुपये का अपसाइड टारगेट दिया है, यह मानते हुए कि डील महंगी जरूर है, पर जुड़े जोखिमों का काफी असर शेयर के भाव में पहले ही दिख चुका है।

आरबीआई बैठक से पहले कंपनियों की फंड रेसिंग, 25,000 करोड़ जुटाने की तैयारी

0.25 फीसदी से 0.50 फीसदी तक रेपो रेट में बढ़ोतरी का अनुमान

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अगली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले देश की कंपनियां सक्रिय हो गई हैं। करीब 25,000 करोड़ रुपए बॉन्ड जारी कर जुटाने की तैयारी की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी से पहले मौजूदा कम लागत पर लंबी अवधि का कर्ज सुरक्षित करना है। एमपीसी की बैठक 2 से 4 दिसंबर तक होनी है। रॉयटर्स के सर्वे और बाजार विश्लेषकों के अनुसार आरबीआई रेपो रेट में 0.25 फीसदी से 0.50 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर सकता है। इससे पहले आरबीआई ने 7 अक्टूबर को रेपो रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 5.50 फीसदी कर दिया था और अपनी नीति का रुख कैलिब्रेटेड टाइटनिंग कर दिया था, जिसका अर्थ है महंगाई और आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर आगे भी दरें बढ़ाने की संभावना। इस संभावित बढ़ोतरी से बचने के लिए पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी), स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (एसआईडीबीआई), जियो क्रेडिट, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस और टोरेंट पावर जैसी सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियां बॉन्ड के जरिए पैसा जुटाने में लगी हैं। नवंबर में-एएए रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड की यील्ड में 0.20 फीसदी से 0.30 फीसदी तक की गिरावट आई है, जिसे कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, विदेशी निवेशकों की वापसी और रुपए की स्थिरता जैसे कारकों का समर्थन मिला है। इसी मौके का लाभ उठाकर कंपनियां अपनी उधारी लागत को नियंत्रित रखना चाहती हैं। नवंबर में अब तक 90,000 करोड़ रुपए निजी बॉन्ड प्लेसमेंट के जरिए जुटाए जा चुके हैं, और इस साल कुल फंड जुटाने का आंकड़ा लगातार दूसरे साल 10 लाख करोड़ रुपए पार कर सकता है। रेपो रेट में वृद्धि से बैंकों के लिए कर्ज महंगा हो जाता है, जिसका सीधा असर होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ईएमआई पर पड़ सकता है।

सोने और चांदी की कीमतों में फिर से उछाल

सोना 1,26,021 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,54,205 रुपए प्रति किलो

नई दिल्ली ।

सोने और चांदी की कीमतों में फिर से उछाल देखने को मिला है। गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार पूरे दिन बंद हैं, हालांकि वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम के सत्र में कारोबार जारी रहेगा।

ऐसे में पिछले कारोबारी दिन के बंद भाव और सुबह के सांकेतिक खुदरा दरों के आधार पर मंगलवार को सोने और चांदी दोनों में तेजी दर्ज की गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट सोना 4,243 रुपये की तेजी के साथ 1,26,021 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

पिछले कारोबारी दिन यह 1,21,778 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुलियंस डॉट को डॉट इन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 1,27,000 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक, 24 कैरेट का सोना 1,24,945 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चांदी के दामों में भी बड़ा उछाल आया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का भाव 6,392 रुपये की तेजी के साथ 1,54,205 रुपये प्रति किलो हो गया है। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,47,813 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

ट्रंप के दबाव में एनवीडिया ने जेनसेन हुआंग को सीईओ पद पर किया बहाल

अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्तक्षेप से हुई कृत्रिम मेधा कंपनी के शीर्ष पद पर बहाली

न्यूयॉर्क ।

कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एनवीडिया ने अपने सह-संस्थापक जेनसेन हुआंग को सीईओ के पद पर बहाल कर दिया है। विवाहेतर संबंधों के आरोपों के चलते हुए उनके इस्तीफे के बाद यह एक चौंकाने वाला घटनाक्रम है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सक्रिय हस्तक्षेप ने उनकी पद पर वापसी का मार्ग प्रशस्त किया, जबकि पहले निदेशक मंडल ने उनकी पेशकश को ठुकरा दिया था। हुआंग ने 12 नवंबर को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद कोलेट क्रेस अंतरिम सीईओ बनीं। उनके इस्तीफे की वजह एक चीनी कारोबारी महिला और कंपनी की ही कर्मचारी से कथित संबंध थे। निदेशक मंडल ने वापसी की उनकी पेशकश को पहले ठुकरा दिया था, भले ही राष्ट्रपति ट्रंप ने एफबीआई जांच की बात करते हुए भी उनकी प्रशंसा की थी। उनके समर्थन में स्टैंड विद जेनसेन अभियान चला, जिसे एलन मस्क सहित कई हस्तियों का साथ मिला। राष्ट्रपति ट्रंप ने 16 नवंबर को सार्वजनिक रूप से कहा कि उन्हें हुआंग की वापसी पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

सेबी ने आईपीओ ग्रे मार्केट प्रीमियम पर लगाई रोक,निवेशकों को आगाह किया

बाजार मध्यस्थों को प्रचार-प्रसार से रोका, निवेशकों को अनौपचारिक सौदों से बचने की सलाह

नई दिल्ली । बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) के आंकड़ों के प्रकाशन और प्रचार-प्रसार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। नियामक ने बाजार मध्यस्थों और अन्य प्रतिभागियों को इस तरह की गतिविधियों को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सेबी ने निवेशकों को जीएमपी को संभावित लिस्टिंग मूल्य या अपेक्षित रिटर्न का संकेत न मानने की सख्त चेतावनी दी है। सेबी ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि जीएमपी उन अनौपचारिक और अपुष्ट कीमतों को दर्शाता है जिन पर किसी कंपनी के शेयर शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने से पहले कारोबार किए जाने का दावा किया जाता है। ये सौदे मान्यता-प्राप्त शेयर बाजारों के दायरे से बाहर होते हैं, जिस पर कोई नियामकीय निगरानी नहीं होती और न ही इनमें निवेशकों को कोई सुरक्षा या सौदे के निपटान की गारंटी मिलती है। नियामक ने पाया कि जीएमपी के आंकड़े वेबसाइटों, डिजिटल मंचों, समाचार पत्रों और यहां तक कि सेबी में पंजीकृत कुछ मध्यस्थों द्वारा भी व्यापक रूप से प्रकाशित किए जा रहे थे। नियामक ने स्पष्ट किया कि ऐसे प्रीमियम के आंकड़ों का प्रकाशन निवेशकों के हितों के लिए नुकसानदेह है और प्रतिभूति बाजार में पारदर्शिता व जवाबदेही के सिद्धांतों के विपरीत है। सेबी ने अपने सभी पंजीकृत मध्यस्थों और बाजार प्रतिभागियों को अपनी वेबसाइट, डिजिटल मंचों, ईमेल, एसएमएस और सोशल मीडिया सहित किसी भी संचार माध्यम पर आईपीओ के जीएमपी के आंकड़े प्रकाशित, प्रदर्शित या प्रसारित नहीं करने का निर्देश दिया है।

जेएसडब्ल्यू मोटर्स और एआरएआई में नए ऊर्जा वाहन विकास हेतु समझौता

नई दिल्ली ।

जेएसडब्ल्यू समूह की यात्री वाहन इकाई, जेएसडब्ल्यू मोटर्स ने नए ऊर्जा वाहनों (एनईवी) के संयुक्त विकास, परीक्षण और स्थानीयकरण के लिए ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य वाहनों और उनकी प्रणालियों के विकास के लिए मजबूत तकनीकी आधार तैयार करना, परीक्षण एवं नियामकीय तैयारियों को बेहतर बनाना है। कंपनी विशेष रूप से भारतीय परिचालन स्थितियों के अनुकूल प्रौद्योगिकियों और क्षमताओं का विकास करना चाहती है। जेएसडब्ल्यू मोटर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल वाहन बनाना नहीं, बल्कि मजबूत स्वदेशी इंजीनियरिंग क्षमताओं वाली विश्वस्तरीय भारतीय वाहन कंपनी बनाना है।

उन्होंने जोर दिया कि यह साझेदारी भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप अगली पीढ़ी के परिवहन समाधान विकसित करने में तेजी लाएगी।



रोमांचक मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी और नेपोली के बीच मैच ड्रॉ



मैनचेस्टर । मैनचेस्टर सिटी को एतिहाद स्टेडियम में यूईएफए चैंपियंस लीग के मुकाबले में नेपोली के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा। रेयान चेर्की के 86वें मिनट में किए गए गोल से सिटी घर में हार से बच सकी। सिटी इस मैच में दो बार पिछड़ी, लेकिन दोनों बार वापसी करते हुए एक अंक हासिल किया। इस ड्रॉ से सिटी की हालिया खराब फॉर्म को लेकर चिंता कम नहीं हुई है। टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल की है। मेजबान टीम ने अटैकिंग अंदाज में शुरुआत की। इलियट एंडरसन ने शुरुआती दो मिनट में ही नेपोली के गोलकीपर वांजा मिलिंकोविक-सैविक को परखा। इसके बाद निको ओ'रेली का हेडर क्रॉसबार के ऊपर चला गया। शुरुआती दबाव के बाद नेपोली ने धीरे-धीरे मैच में पकड़ बनाई। सिटी के पूर्व मिडफील्डर केविन डी ब्रुइन ने मेहमान टीम के अटैक को संभाला। हाफटाइम से ठीक पहले सैम बेउकेमा के हेडर को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने शानदार सेव कर बचा लिया। 55वें मिनट में नेपोली ने बढ़त बना ली। रैसमस होजलुंड ने मार्क गुएही को पीछे छोड़ते हुए दमदार लो शॉट से डोनारुम्मा को छकाया। सिटी के कोच ने जेरेमी डोकू को मैदान में उतारा और इसका फौरन फायदा मिला। डोकू के बनाए मौके पर अय्यूब बौआदी ने 66वें मिनट में सिटी के लिए अपना पहला गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, 10 मिनट बाद ही नेपोली ने फिर बढ़त ले ली। लियोनार्डो स्पिनाजोला के क्रॉस पर नोआ लैंग ने शानदार वॉली मारी, जिस पर डोनारुम्मा के पास कोई मौका नहीं था। 79वें मिनट में जोस्को ग्वार्डिओल का शॉट वुडवर्क से टकरा गया, लेकिन आखिरकार 86वें मिनट में चेर्की ने शानदार फिनिश करते हुए सिटी को 2-2 की बराबरी दिला दी। देर से मिले गोल ने सिटी को घर में हार से तो बचा लिया, लेकिन शुरुआती दबदबे को जीत में न बदल पाना उनकी लगातार जारी मुश्किलों को दिखाता है।

सुपर 90: चौथा सीजन अगले माह, 12 दिनों तक रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे

नैरोबी । पूर्व इंटरनेशनल स्टार क्रिस गेल, शाकिब अल हसन, जेसन रॉय, एलेक्स हेल्स, तिलकरत्ने दिलशान, शॉन मार्श, फैबियन एलन और कार्लोस ब्रैथवेट 3 दिसंबर को केन्या के नैरोबी में शुरू होने वाले सुपर 90 सीजन 4 में मुख्य आकर्षण होंगे। टूर्नामेंट के चौथे एडिशन में कई जाने-माने इंटरनेशनल क्रिकेटरों वाली सात फ्रेंचाइजी एक साथ आएंगी, जिससे 12 दिनों तक रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। इस कॉम्पिटिशन में 22 मैच होंगे। फाइनल 14 दिसंबर को होगा। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल पंजाब टाइटन्स के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे, जबकि बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन लंदन जायंट्स के लिए खेलेंगे। इंग्लैंड के जेसन रॉय और एलेक्स हेल्स क्रमशः मेरू थंडर्स और नैरोबी लायंस की तरफ से खेलेंगे। श्रीलंका के पूर्व कप्तान तिलकरत्ने दिलशान भी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर शॉन मार्श के साथ टूर्नामेंट में अपना अनुभव लेकर आएंगे। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर फैबियन एलन और कार्लोस ब्रैथवेट इंटरनेशनल लाइनअप को और मजबूत करेंगे। टूर्नामेंट में कई और जाने-माने इंटरनेशनल नाम भी होंगे, जिनमें एविन लुईस, क्रिस लिन, इमाद वसीम, महमूदुल्लाह, वेन पार्नेल, रवि बोपारा, अंबाती रायुडू, मिशेल जॉनसन और समित पटेल शामिल हैं, जो हिस्सा लेने वाली टीमों में और गहराई और अनुभव जोड़ेंगे। शुरुआती मैच में पंजाब टाइटन्स का मुकाबला 3 दिसंबर को नैरोबी जिमखाना क्रिकेट क्लब में दिल्ली रॉयल्स से होगा। नैरोबी लायंस का मुकाबला 4 दिसंबर को लंदन जायंट्स से होगा, जबकि दिल्ली रॉयल्स उसी दिन बाद में हरियाणा वॉरियर्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी लंदन जायंट्स का मुकाबला 5 दिसंबर को एल्डोरेट टाइगर्स से होगा, जबकि मेरू थंडर्स उसी दिन पंजाब टाइटन्स के खिलाफ अपने कैंपेन की शुरुआत करेगी।

हेनरी बोले- डफी की स्किल पर कोई सवाल नहीं

नई दिल्ली । भारत के साथ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी पूरी तरह प्रभावहीन रहे थे। डफी ने 33 ओवर में 201 रन लुटाकर महज 1 विकेट लिया था। इस प्रदर्शन के बाद आलोचना का शिकार हुए डफी को टीम के सीनियर तेज गेंदबाज मैट हेनरी का समर्थन मिला है। मैट हेनरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'जैकब डफी एक 'क्लासी बॉलर' हैं। उन्होंने इतने सालों में दिखाया है कि वह पूरी तरह से टीम के बारे में सोचते हैं। जब हम सुझाव देते हैं कि शायद हम यहां एक प्लान बनाएं, तो वह अपने निजी आंकड़ों के बारे में चिंतित नहीं होते।' हेनरी ने कहा, 'डफी की स्किल पर कोई सवाल नहीं है। हमारे लिए, ऐसे पल थे जब हमें किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो एक अलग प्लान आजमा सके, और वह ऐसा करने के लिए तैयार था। मुझे लगता है कि शायद यही टीम की क्वालिटी है। यह नतीजे की चिंता नहीं है, बल्कि यह है कि आप गेम पर कैसे असर डालने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ सालों में यह दिखा है, उसके ऐसे माइंडसेट की वजह से उसके असर मैच जिताने वाले रहे हैं। इसलिए हम उसे लेकर ज्यादा परेशान नहीं हैं।'



उन्होंने कहा कि बेसिन रिजर्व पर गेंद बहुत कम स्लिप तक जा पाती थी। इस वजह से डफी को आंकड़ों की परवाह किए बिना बाउंसर फेंकने के लिए कहा गया था और उन्होंने यही किया। जैकब डफी का नाम न्यूजीलैंड के लिए तीनों फॉर्मेट के बेहतरीन गेंदबाजों के तौर पर लिया जाता है। दाएं हाथ का मध्यम गति का यह तेज गेंदबाज 5 टेस्ट में 26, 27 वनडे में 49 और 52 टी20 में 67 विकेट ले चुका है। न्यूजीलैंड को क्राइस्टचर्च में भारत के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में डफी से वेलिंगटन वाले प्रदर्शन को भुलाकर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

वैभव सूर्यवंशी के तूफानी दोहरे शतक की दुनियाभर में चर्चा, हिल गई रिकार्ड बुक

नई दिल्ली । 15 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तूफानी 'दोहरे शतक' की मदद से भारत-ए ने मंगलवार को यूएई के खिलाफ 7 विकेट से दमदार जीत दर्ज की। इस दौरान वैभव ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक, सबसे तेज 150 रन और सबसे तेज दोहरे शतक के साथ सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की टीम ने हरप्रीत सिंह भाटिया (130) की शतकीय पारी की मदद से 8 विकेट खोकर 249 रन बनाए थे। इस पारी में अरशद खान ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए। इसके बाद वैभव ने तूफानी पारी खेलकर भारतीय टीम को महज 14.2 ओवरों में जीत दिला दी। यूएई के खिलाफ महज 28 गेंदों में शतक जड़कर वैभव सूर्यवंशी लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। मंगलवार को यूनिवर्सिटी ऑफ दोहा फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में वैभव ने 53 गेंदों में 7 चौकों और 28 छक्कों के साथ 204 रन कूटे। इसी के साथ वैभव ने साउथ अफ्रीका के जेक फ्रेजर-मैकगर्क का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने साल 2023 में तस्मानिया के खिलाफ 29 गेंदों में शतक पूरा किया था। इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स हैं, जिन्होंने साल 2015 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध 31 गेंदों में यह कारनामा किया था। बिहार की तरफ से खेलते हुए सकीबुल गनी ने साल 2025 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंदों में शतक पूरा किया था।

यह मुकाबला विजय हजारे ट्रॉफी में खेला गया था। वहीं, ईशान किशन इस लिस्ट में पांचवें पायदान पर हैं, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी 2025 में झारखंड के कप्तान के तौर पर महज 33 गेंदों में कर्नाटक के विरुद्ध शतक पूरा किया था।



यूएई के खिलाफ मुकाबले के दौरान वैभव ने सातवें ओवर की सभी गेंदों पर बाउंड्री लगाईं। इस दौरान 6, 4, 4, 6, 6, 4 के साथ कुल 30 रन कूट दिए।इसके बाद वैभव ने महज 40 गेंदों में सबसे तेज 150 रनों का आंकड़ा छुआ। लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वैभव ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले, उन्होंने साल 2025 में बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 59 गेंदों में यह कारनामा किया था। इस लिस्ट में एबी डिविलियर्स तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 64 गेंदों (साउथ अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज, 2015) में ऐसा किया था।

वैभव की रिकार्ड पारी में युवराज की बड़ी भूमिका

नई दिल्ली । एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट के दौरान मंगलवार को इंडिया ए की तरफ से खेलते हुए सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ऐतिहासिक पारी खेली। यूएई ए के खिलाफ वैभव ने मात्र 53 गेंदों पर 28 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 204 रन की पारी खेली। इस दौरान वैभव ने 28 गेंदों पर शतक और 52 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया। वैभव द्वारा लगाया गया लिस्ट ए इतिहास का यह सबसे तेज शतक और दोहरा शतक है। वैभव ने इस ऐतिहासिक पारी को खेलने के बाद बीसीसीआई टीवी से बात करते हुए कहा कि पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह से हुई आधे घंटे की बातचीत ने यूएई के खिलाफ मैच से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। सूर्यवंशी ने कहा, 'मैंने कल सिर्फ चार लोगों से बात की। इसमें मेरे पिता, मेरे बचपन के कोच मनीष ओझा, मेरे अंडर-19 के दोस्त प्रथम जाचक और युवराज सिंह थे। युवराज सिंह से मैंने लगभग आधे घंटे तक बात की। उन्होंने मुझे मेरी बैटिंग के बारे में काफी कुछ समझाया। मैं काफी परेशान था।' उन्होंने कहा, 'मैं जब बैटिंग करने जाता था, तो मुझे जो दिक्कतें आ रही थीं, उनके बारे में मैंने उनसे खुलकर बात की। उन्होंने मुझे सब कुछ बहुत अच्छे से समझाया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं 20 बॉल खेलता, तो स्कोर अलग होता। उन्होंने मुझे कुछ तकनीकी बातें भी समझाईं, जिससे मुझे बहुत मदद मिली।'

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग...ब्रुक और रूट की बादशाहत बरकरार



भारतीय कप्तान शुभमन गिल और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को बड़ा फायदा

नई दिल्ली । आईसीसी ने टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग बुधवार को जारी की। बल्लेबाजों की रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, भारतीय कप्तान शुभमन गिल और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को बड़ा फायदा हुआ है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक पहले, इंग्लैंड के कप्तान जो रूट दूसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को एक स्थान का घाटा हुआ है। हेड चौथे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांचवें स्थान पर हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एक स्थान की छलांग के साथ छठे और भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीन स्थान की छलांग के साथ सातवें स्थान पर हैं।

न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को 2 स्थान का नुकसान हुआ है। वह आठवें स्थान पर हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 5 स्थान की छलांग के साथ नौवें और अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह 2 स्थान के नुकसान के साथ दसवें स्थान पर हैं।



दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन 10 स्थान की छलांग के साथ 16वें और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स 13 स्थान की छलांग लगाते हुए 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।शीर्ष 10 गेंदबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पहले स्थान पर, भारत के जसप्रीत बुमराह तीन स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरे, इंग्लैंड के ओली रॉबिनसन दो स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन और न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को दो-दो स्थान का नुकसान हुआ है। दोनों क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा दो स्थान की छलांग लगाते हुए छठे, दक्षिण अफ्रीका के सिमरोन हार्मर सातवें, ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड दो स्थान के नुकसान के साथ आठवें, ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस नौवें और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर हैं।

वॉर्नर ने भी कराया रजिस्ट्रेशन

आईपीएल: नीलामी में दिखेगा 'जूनियर सहवाग' का जलवा!

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक बड़ी और रोमांचक खबर सामने आई है। इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन यानी 2027 में एक बार फिर 'सहवाग' सरनेम की गूंज सुनाई दे सकती है। पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आखिरी बार साल 2015 में पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल खेला था। अब करीब 12 साल बाद उनके बेटे आर्यवीर सहवाग ने आईपीएल 2027 प्लेयर ऑक्शन की सूची में अपना नाम रजिस्टर कराकर फैंस की उम्मीदें जगा दी हैं। हालांकि, इस लिस्ट में एक चौंकाने वाला नाम गायब है। पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने इस साल नीलामी में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

गोवा में सजेगा बाजार, दांव पर होंगे 296 करोड़ रुपये

आईपीएल 2027 का प्लेयर ऑक्शन आगामी 16 दिसंबर को गोवा में आयोजित किया जाएगा। नीलामी के लिए कुल 1220 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, इस सूची में 939 भारतीय और 17 देशों के 281 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, फ्रेंचाइजी के पास खर्च करने के लिए करीब 296 करोड़ रुपये का पर्स उपलब्ध होगा। युवा प्रतिभाओं के साथ-साथ दुनिया भर के कई दिग्गज क्रिकेटरों ने भी इस नीलामी के लिए अपना नाम भेजा है। हालांकि, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बाद अब 1220 खिलाड़ियों में से गिने चुने या यूं कहें 300 से 500 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट किए जाएंगे, जो 16 दिसंबर को होने वाले ऑक्शन में उतरेंगे।



अंडर-19 एशिया कप में शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम

आर्यवीर सहवाग ने अपने करियर में पहली बार आईपीएल ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। हाल ही में संपन्न हुए अंडर-19 एशिया कप 2026 में उनके धमाकेदार प्रदर्शन ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया था। दोहा में खेले गए रोमांचक फाइनल में भारत की अंडर-19 टीम ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर खिताब जीता था। इस पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी के लिए आर्यवीर को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया था।

बेन स्टोक्स और डेविड वॉर्नर की 2 करोड़ के ब्रैकेट में वापसी

अंतरराष्ट्रीय सितारों की बात करें तो इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 2 करोड़ रुपये के उच्चतम बेस प्राइस में खुद को रजिस्टर किया है। 35 वर्षीय स्टोक्स ने इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और वह आखिरी बार 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स (ह्स्च्) के लिए आईपीएल खेले थे। अब तक के अपने आईपीएल करियर में स्टोक्स ने राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स और सीएसके के लिए 45 मैचों में 935 रन बनाए हैं और 28 विकेट झटके हैं। भारतीय खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज आवेश खान और दीपक चाहर ने भी खुद को दो करोड़ के शीर्ष ब्रैकेट में रखा है।

ईशांत शर्मा और नीतीश राणा भी अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची मेंनीलामी के लिए जारी अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और बल्लेबाज नीतीश राणा के नाम भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं और आईपीएल में 100 से ज्यादा मैचों का अनुभव रखते हैं। आईपीएल के नियमों के मुताबिक, अगर किसी भारतीय खिलाड़ी ने पिछले पांच साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है तो उसे नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी की श्रेणी में रखा जाता है।इसी नियम के कारण ईशांत और नीतीश को अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। दोनों खिलाड़ियों का बेस प्राइस 50 लाख रुपये रखा गया है। इनके अलावा भारत के मनदीप सिंह, मयंक मार्कंडेय, नवदीप सैनी और चेतन सकारिया भी अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं।



फिर तैयार हुआ अमेरिका का नया टैरिफ बम

भारत समेत 6 देशों पर 25% टैरिफ का प्रस्ताव, चीन पर 40% टैक्स

भारत से ट्रेड डील होने पर टैरिफ होगा मात्र 17 फीसदी

● नई दिल्ली



अमेरिका ने भारतीय सामान पर 25 फीसदी तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। भारत के साथ ही छह और देशों पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। जबकि चीन पर यही टैरिफ 40 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा है। भारत उन सात देशों में शामिल है, जिन पर यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव के नए प्लान के तहत 25 फीसदी तक के टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है।

इसके साथ ही 25 फीसदी टैरिफ प्रस्ताव में कंबोडिया, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया, मलेशिया, ताइवान और थाईलैंड भी शामिल हैं। हालांकि, भारत को लेकर अमेरिका का प्रस्ताव है कि अगर भारत के साथ ट्रेड डील हो जाती है तो 17 फीसदी का टैरिफ लगेगा, लेकिन अगर डील नहीं हो पाती है तो 25 फीसदी का टैरिफ लागू होगा। यानी कि कम से कम भारत पर 17 फीसदी टैरिफ का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही यूएसटीआर ने बांग्लादेश, ईयू, जापान, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर के लिए 20 फीसदी तक, वियतनाम के लिए 35 फीसदी तक और चीन के लिए 40 फीसदी तक टैरिफ दरें प्रस्तावित की हैं। यूएसटीआर ने बताया कि कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश के लिए टैरिफ दरें अधिकतम 18 फीसदी तक सीमित रहेंगी।

इसके साथ ही यूएसटीआर ने दक्षिण कोरिया, ताइवान, ईयू, जापान और स्विट्जरलैंड के लिए ये दरें 15 फीसदी (एमएफएन ड्यूटी को छोड़कर) होंगी, और चीन के लिए, पहले से लागू शुल्कों के ऊपर 20त्न की अतिरिक्त दर होगी. ब्राजील के लिए प्रस्तावित टैरिफ बदलावों पर 14 जनवरी, 2027 को सुनवाई होगी।

टैरिफ लगाने की तैयारी क्यों?

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह टैरिफ इसलिए लगाया गया है, ताकि बड़े ट्रेडिंग पार्टनर्स में अमेरिका की एक्स्ट्रा इंडस्ट्रियल कैपेसिटी पर रोक लगाई जा सके। साथ ही ट्रेड डिफिसिट को भी कम किया जा सके. द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का एडमिनिस्ट्रेशन उन देशों पर पहले से लागू टैरिफ को बढ़ाने की तैयारी कर रहा है, जिन पर उन्होंने सब्सिडी और दूसरी सरकारी मदद के जरिए घरेलू इंडस्ट्रीज को सपोर्ट करने का आरोप लगाया है।

यूएस की महीनों लंबी जांच के बाद हुआ टैरिफ पर ऐलान

इंडस्ट्रियल सब्सिडी पर यूएस की महीनों लंबी जांच के बाद टैरिफ तय हुआ है, जिस पर यूएस का तर्क है कि इससे विदेशी मैन्युफैक्चरर्स को अमेरिकी कंपनियों पर गलत फायदा मिलता है, क्योंकि इससे वे सस्ते में सामान बनाते हैं और बड़ी तादाद में इंटरनेशनल मार्केट में पहुंचाते हैं। अमेरिका का मानना है कि सब्सिडी, फाइनेंशियल मदद और दूसरे पॉलिसी सपोर्ट से विदेशी मैन्युफैक्चरर कम कीमत पर सामान बना पाते हैं। फिर ये कंपनियां अपने प्रोडक्ट इंटरनेशनल मार्केट में अच्छे दामों पर बेचती हैं, जिससे अमेरिकी मैन्युफैक्चरर के लिए मुकाबला करना मुश्किल हो जाता है।

26/11 हमले के मास्टरमाइंड राणा को कोर्ट से राहत



मिली वीडियो कॉल करने की इजाजत

नई दिल्ली, आरएनएन। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। एनआईए कोर्ट ने उसे अपनी नवजात पोती और परिवार को देखने के लिए वीडियो कॉल करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट का यह आदेश 2008 के मुंबई हमले की 18वीं बरसी से ठीक एक दिन पहले बुधवार को आया है।

विशेष जज ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने तिहाड़ से राणा को 14 दिसंबर 2026 और 4 जनवरी 2027 को वीडियो कॉल की इजाजत दी है। यह कॉल सिर्फ 10-10 मिनट की होगी और शाम 6 से 7 बजे के बीच कराई जाएगी। वीडियो कॉल जेल एसपी की मौजूदगी में होगी। वार्ता की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। कॉल लगने पर पहले जेल एसपी दूसरी तरफ से हैलो कहकर बात करेंगे। उधर से जवाब मिलने के बाद ही फोन राणा को सौंपेंगे।

पहली बार पाक एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष पहुंचा

चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर सात दिन बिताएंगे

● बीजिंग





चीन की मदद से पाक के जीशान अली ने अंतरिक्ष में कदम रखा है। उन्होंने पाक का नाम उन चंद देशों की लिस्ट में शामिल कर दिया है जिसने ये कारनामा पहले कर दिखाया है। हालांकि भारत की बराबरी करने में उन्हें 42 साल लग गए हैं। जीशान के साथ खुर्रम दाऊद का भी चयन हुआ था लेकिन अंतिम रूप से उन्हें ही चुना गया। चीन में दोनों की ट्रेनिंग पूरी हुई थी। जीशान ने वहां चीनी भाषा सीखी और इसके साथ ही सबसे मुश्किल काम जीरो ग्रेविटी की प्रैक्टिस की। जीशान कठिन शारीरिक प्रशिक्षण लेते हुए अंतरिक्ष यान के सिस्टम को समझे जो उन्हें मिशन के दौरान काम आएगा।

जीशान पेलोड एक्सपर्ट के तौर पर गए हैं। अब तक जिस चीन ने बाहरी लोगों के लिए बाहरी दरवाजे बंद रखे थे उसने अब पाक के लिए खोल दिए हैं। इस वजह से जीशान चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले यात्री बने। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार सभी अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। लॉन्च मिशन सफल रहा। अब जीशान अंतरिक्ष स्टेशन में 7दिन बिताएंगे। इस दौरान कई मिशन में वो शामिल होंगे।

जीशान ने कहा कि इस ऐतिहासिक मिशन का हिस्सा बनना उनके लिए सिर्फ निजी उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे पाक का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी है। उन्होंने कहा कि वो पाकिस्तान के लोगों के सपनों को अपने साथ अंतरिक्ष में ले जा रहे हैं। विदेशी मीडिया 'सीएन स्पेस' नाम के एक्स हैंडल पर साझा इंटरव्यू में अली ने प्रशिक्षण के अनुभव बताए। लड़ाकू विमान के पायलट होने के बावजूद उन्हें कठिन शारीरिक और तकनीकी प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा।

श्मशान से व्यापारी की अस्थियां व राख चोरी

बारां, आरएनएन। राजस्थान में बारां शहर के प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी राजेंद्र जैन (गोधा) के आकस्मिक निधन के बाद एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सोमवार को उनका निधन होने पर अंतिम संस्कार किया गया था। बुधवार को तीसरे की रस्म अदा करने के लिए परिजन, रिश्तेदार और ईष्ट-मित्र ईदगाह स्थित स्वर्ग पथ धाम पहुंचे तो वहां अंतिम संस्कार स्थल से अस्थियां और राख नहीं मिली।

हिंद महासागर देशों के बीच साझा समुद्री संबंधों पर जोर

एनएसए डोभाल ने भारत कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन को किया संबोधित

● माले



हिंद महासागर में चीन की बढ़ती दखलअंदाजी और गंभीर सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत ने अपने पड़ोसी देशों को साथ लेकर चलने का भरोसा दिया है।

एनएसए अजीत डोभाल ने बुधवार को कहा कि भारत कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) के सदस्य देशों के साथ मिलकर हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत हर जरूरी मदद और सहायता देने की कोशिश करेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि साझा लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत हर जरूरी सहायता देने की कोशिश करेगा।

चीन की गतिविधियों के बीच अहम बैठक

हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और उसकी आक्रामक गतिविधियों को लेकर भारत समेत कई देश चिंतित हैं। ऐसे में डोभाल ने समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक तरक्की के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर के तटीय देश एक ही समुद्री क्षेत्र साझा करते हैं साथ ही इन देशों की सभ्यताएं भी एक दूसरे से जुड़ी हैं। ऐसे में समुद्र देशों को बांटने के बजाय जोड़ने का माध्यम बने रहना चाहिए।

एनवीडिया के सीईओ से मिले एलन मस्क

ट्रम्प ने बताया नेशनल ट्रेजर

जेन्सेन हुआंग की अफेयर-जासूसी विवाद में इस्तीफे के बाद हुई वापसी



● वाशिंगटन

चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग की कंपनी में वापसी के बाद स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने उनसे मुलाकात की। जासूसी और अफेयर विवाद के चलते इस्तीफा देने के 12 दिन बाद हुआंग को दोबारा कंपनी की कमान सौंपी गई है। मस्क इस मुलाकात के दौरान अपने दो बच्चों को भी साथ लेकर पहुंचे थे। उन्होंने पूरे विवाद के दौरान जेन्सेन हुआंग का समर्थन किया था।

मस्क और हुआंग की इस मुलाकात की तस्वीरें बीईपी रिसर्च के फाउंडर और एनवीडिया के पुराने शेयरहोल्डर बेन पौलाडियन ने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ दोनों टेक दिग्गजों की कुछ पुरानी फोटोज भी पोस्ट की गई हैं। पौलाडियन एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर और एनवीडिया पर लगातार नजर रखते हैं। उन्होंने भी इस पूरे विवाद के दौरान हुआंग का बचाव किया था और कंपनी के बोर्ड से उन्हें दोबारा पद पर बहाल करने की मांग की थी। सोमवार को जब एनवीडिया बोर्ड ने जेन्सेन हुआंग को दोबारा सीईओ बनाने का फैसला लिया, तो मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका स्वागत किया।

मस्क ने अपनी पोस्ट में लिखा कि गलती सुधार ली गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एनवीडिया बोर्ड के फैसले को सही ठहराया। ट्रम्प ने जेन्सेन हुआंग को महान देशभक्त और नेशनल ट्रेजर बताया। ट्रम्प ने लिखा कि एनवीडिया के बोर्ड ने जेन्सेन हुआंग को सीईओ पद पर वापस लाकर बिल्कुल सही फैसला लिया है। न केवल कंपनी, बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की तरक्की के लिए भी देश को एनवीडिया में जेन्सेन के नेतृत्व की जरूरत है।

एनवीडिया जांच पर अटॉर्नी जनरल की चुप्पी

अमेरिका के अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांक ने एनवीडिया को एक 'अच्छा कॉर्पोरेट घराना' करार देते हुए एआई चिपमेकर कंपनी के खिलाफ चल रही कथित संघीय जांच पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। ब्लांक ने कहा कि उनके पास पुनर्बहाली के बाद कंपनी में लौटे सीईओ जेनसेन हुआंग की सुरक्षा मंजूरी की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं थी। उन्हें दो सप्ताह से भी कम समय पहले इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था, क्योंकि उनके विवाहेतर संबंधों का खुलासा हुआ था। हुआंग अगले हफ्ते कांग्रेस के सामने पेश होने वाले हैं। वहां उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उन मुद्दों पर सवाल पूछे जाएंगे, जो चीन के एक कथित जासूस के साथ उनके संबंधों से जुड़े हैं।

हसीना की वापसी से पहले बांग्लादेश में बढ़ी हलचल

7 जिलों में बीजीबी की 108 प्लाटून तैनात, 16 दिसंबर को बांग्लादेश लौटने की योजना

● नई दिल्ली



बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की प्रस्तावित वापसी से पहले राजनीतिक तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। देश के कई जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमा सुरक्षा बल (बीजीबी) की 108 प्लाटून तैनात की गई हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 56 प्लाटून शेख हसीना के गृह जिले गोपालगंज में तैनात की गई हैं।

अधिकारियों को आशंका है कि हसीना के समर्थक आने वाले दिनों में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। शेख हसीना अगले महीने 16 दिसंबर को बांग्लादेश लौटने की योजना बना रही हैं। यह वही दिन है, जब देश 1971 के मुक्ति संग्राम में पाक पर जीत का जश्न मनाता है। हसीना अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद अपनी सरकार गिरने पर देश छोड़कर भारत आ गई थीं। तब से वह भारत में रह रही हैं। उनकी संभावित वापसी को लेकर बांग्लादेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने बुधवार को एक बयान जारी कर सात जिलों में 108 प्लाटून तैनात करने की जानकारी दी। इसका उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी अप्रिय घटना से निपटना है। बीजीबी के मुताबिक, गोपालगंज में 56, ढाका में 18, गाजीपुर में 18, नारायणगंज में 6, चटगांव में 3, मैमनसिंह में 2 और कॉक्स बाजार में एक प्लाटून तैनात की गई है। इसके अलावा बीजीबी की चार प्लाटून को जरूरत पड़ने पर तैनाती के लिए अलर्ट पर रखा गया है।

गोपालगंज में बढ़ाई गई सुरक्षा

गोपालगंज को शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग का मजबूत गढ़ माना जाता है। हाल के दिनों में यहां हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की कई घटनाएं सामने आई हैं। पिछले सप्ताह भी जिले में करीब 2,000 पुलिसकर्मियों, बीजीबी की 10 प्लाटून और स्पेशल रिस्पॉन्स बटालियन (एसआरबी) के जवानों को तैनात किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि अवामी लीग के नेता और कार्यकर्ता आने वाले दिनों में गुप्त हमलों और तोड़फोड़ के जरिए अशांति फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। पुलिस के मुताबिक, सरकारी प्रतिष्ठानों के अलावा कुछ राजनीतिक नेताओं को भी निशाना बनाया जा सकता है।

29-30 नवं. को लॉकडाउन का ऐलान

बांग्लादेश में बैन अवामी लीग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए 29 और 30 नवंबर को लॉकडाउन कार्यक्रम को बढ़ावा दे रही है। इससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई है। इस दौरान हिंसाकी घटनाएं हो सकती हैं। 7 से 19 नवंबर के बीच बांग्लादेश में 83 वाहनों को आग के हवाले कियाऔर 87 जगहों पर देसी बम फेंके गए। ये घटनाएं ऐसे समय में हुई हैं, जब शेख हसीना की संभावित वापसी को लेकर राजनीतिक माहौल पहले से ही तनावपूर्ण है।

मिस्र में भीषण सड़क हादसा, 30 की मौत

काहिरा, आरएनएन। मिस्र की राजधानी काहिरा के आसपास बने प्रमुख हाईवे रिंग रोड पर बुधवार को पेट्रोल उत्पाद से भरा टैंकर पलटने से भीषण आग लग गई। जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 15 लोग घायल भी हो गए। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतकों और घायलों की संख्या की पुष्टि की है। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि देश के एक प्रमुख रिंग रोड पर पेट्रोलियम उत्पादों से भरा टैंकर पलटने से उसमें आग लग गई। रिंग रोड ग्रेटर काहिरा के प्रमुख हाईवे को आपस में जोड़ता है। यह काहिरा, गीजा और कल्यूबिया प्रांतों को जोड़ने वाला अहम मार्ग है। जलती हुई कारों से लोगों को बचावकर्मियों ने निकाला: यह हादसा काहिरा के इंबाबा उपनगर के वर्राक इलाके में हुआ। रिंग रोड मिस्र की राजधानी के चारों ओर बना प्रमुख मार्ग है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बचावकर्मियों ने जलती हुई कारों से लोगों को बाहर निकाला।

मिसिसिपी तट के समीप क्रैश हुआ छोटा विमान

दो बच्चों सहित छह की मौत

● मिसिसिपी



यूएस में मिसिसिपी तट के समीप मैक्सिको की खाड़ी में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में आठ एवं 10 वर्षीय दो बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी यूएस तटरक्षक बल ने बुधवार को दी। सेसना 210 विमान, मिसिसिपी के पास्कागौला एवं गल्फ आइलैंड्स नेशनल सीशोर के बीच हॉर्न आइलैंड के उत्तर-पूर्व में मंगलवार को पानी में गिर गया। इसमें चार वयस्क और दो लड़के सवार थे।

यूएस तटरक्षक बल ने बताया कि हॉर्न आइलैंड के उत्तर-पूर्व में पानी में गिरे विमान में सवार सभी छह लोगों के अवशेष मिल चुके हैं। एजेंसी ने बताया कि लगभग चार घंटे तक खोज अभियान चला और मिसिसिपी समुद्री संसाधन विभाग के गोताखोरों ने विमान संरचना के भीतर सभी छह लोगों के अवशेष ढूंढ निकाले।

सीएनएन ने तटरक्षक बल के खोज एवं बचाव अभियान समन्वयक, कमांडर ट्रेवर ब्लाउंट के हवाले से कहा कि यह बहुत दुखद परिणाम है और हमारी गहरी संवेदनाएं उन परिवारों एवं प्रियजनों के साथ हैं जो इस असहनीय क्षति का सामना कर रहे हैं।

भारत चीन की हर गतिविधि पर रखता है नजर

चीनी सैटेलाइट निगरानी पर कहा, सुरक्षा के उठा रहे कदम

● नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुलवामा हमले से पहले चीनी सैटेलाइट निगरानी की रिपोर्टों पर कहा कि भारत सभी गतिविधियों पर नजर रखता है और सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता है।

उन्होंने पूर्वी क्षेत्र में भारत-चीन सैन्य कमांडरों की बैठक, विदेश मंत्री की रूसी समकक्ष से फोन पर हुई वार्ता और जन्मस्थान में गड़बड़ी के चलते सौरव दास को जारी किए गए पासपोर्ट नोटिस की भी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुलवामा हमले से पहले चीन की ओर से कथित तौर पर सैटेलाइट से निगरानी किए जाने संबंधी रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने भी इस मुद्दे पर कई रिपोर्टें देखी हैं और भारत सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपनी तरफ से सभी आवश्यक कदम उठाता है।

एलएसी और सीमा प्रबंधन पर सैन्य वार्ता जारी

भारत और चीन के बीच चल रही बातचीत के बारे में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों देश कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर संवाद जारी रखे हुए हैं। हाल ही में दोनों पक्षों के वरिष्ठ सैन्य कमांडरों ने पूर्वी क्षेत्र में बैठक की। इस बैठक में सीमा के बेहतर प्रबंधन और एलएसी से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जायसवाल ने कहा कि इन वार्ताओं का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना है।

सुरक्षा गतिविधियों पर भारत की पैनी नजर

रणधीर जायसवाल ने साफ-साफ कहा कि भारत ऐसी सभी घटनाओं और गतिविधियों पर सतत नजर रखता है। उन्होंने कहा कि हमने भी इस विषय पर कई रिपोर्टें देखी हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि हम ऐसी सभी घटनाओं और गतिविधियों पर निगरानी रखते हैं और सुरक्षा के नजरिए से हमारी ओर से जो भी कदम जरूरी होते हैं, उन्हें उठाते हैं। वही जायसवाल ने भारत-रूस के बीच हालिया कूटनीतिक संपर्कों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष के साथ फोन पर बातचीत की है। पिछले कुछ हफ्तों में रूसी पक्ष के साथ कई स्तरों पर संवाद हुआ है।

आज का इतिहास

- 1881: प्रसिद्ध लेखक, कवि, भाषाविद और सम्पादक नाथूराम प्रेमी का जन्म।
- 1885: पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
- 1932: महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये।
- 1944: भारतीय राज्य मणिपुर तथा मिज़ोरम के पूर्व राज्यपाल विनोद कुमार दुग्गल का जन्म।
- 1948: नेशनल कैडेट कोर की स्थापना हुई।
- 1949: आजाद भारत के संविधान पर संविधान सभा के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किया।
- 1952: भारतीय उर्दू कवि मुनव्वर राणा का जन्म।
- 1960: भारत में पहली बार कानपुर एवं लखनऊ के बीच एसटीडी सेवा शुरु हुई।

तकनीक

आईआईटी कानपुर और रोल्स-रॉयस मिलकर कर रहे तकनीक विकास प्रोजेक्ट पर काम

विमान के केबिन में शोर कम करने पर हो रहा शोध

● कानपुर



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर और वैश्विक इंजीनियरिंग कंपनी रोल्स-रॉयस ने विमान के इंजन के कंपन से पैदा होने वाले शोर (ईवीआरएन) को कम करने की तकनीक विकसित करने के लिए संयुक्त शोध परियोजना शुरू की है। छह महीने की इस परियोजना के तहत इंजन के कंपन से विमान के केबिन में होने वाले शोर और यात्रियों के आराम पर उसके प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा।

परियोजना का शुभारंभ आईआईटी कानपुर में नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर, संस्थान के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल, रोल्स-रॉयस पीएलसी के एसोसिएट फेलो (रोटर डायनेमिक्स) डॉ. एंडी रिक्स, प्रोग्राम मैनेजर (फ्यूचर डिफेंस प्रोग्राम्स) राघवेंद्र सरूर तथा दोनों संस्थानों के वरिष्ठ शिक्षकों और प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ। आईआईटी कानपुर के अनुसार, इस वर्ष की शुरुआत में दोनों संस्थानों के बीच हुए एमओयू के तहत शोध, संयुक्त परियोजनाओं, इंटर्नशिप, ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल विकास के क्षेत्रों में सहयोग का खाका तैयार किया गया था। भारत में रोल्स-रॉयस और किसी शैक्षणिक संस्थान के बीच यह पहली साझेदारी है। आईआईटी कानपुर के इंटरफेस ऑफिस फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशंस (आईओटीए) ने इस सहयोग को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। परियोजना के तहत विमान के ढांचे का एक मॉडल तैयार किया जाएगा, जो उड़ान के दौरान विमान की स्थिति को दर्शाएगा। इसमें कंपन उत्पन्न करने वाली मशीन और ध्वनि एवं कंपन मापने वाले सेंसर लगाए जाएंगे। गणितीय पद्धतियों और प्रयोगों के माध्यम से कंपन के प्रसार तथा उससे उत्पन्न शोर का अध्ययन किया जाएगा। परियोजना का पहला चरण शुरू हो चुका है।

भारत की क्षमताओं को मजबूत करने में सहयोग

रोल्स-रॉयस इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष शशि मुकुंदन ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग कंपनी की पुरानी परंपरा रही है। ऐसे प्रयासों से कौशल विकास, शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी उन्नत इंजीनियरिंग, शोध और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को मजबूत करने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप और ज्ञान साझा करने की पहल के जरिए विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक चुनौतियों पर काम करने का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा।

प्रयोगात्मक शोध भी होगा

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि इंजन के कंपन से उत्पन्न शोर विमान के केबिन में यात्रियों के आराम को प्रभावित करता है। प्रोजेक्ट में गणितीय विश्लेषण, प्रयोगात्मक शोध भी होंगे। संस्थान में विकसित विशेष टेस्ट व्यवस्था से कंपन के प्रसार, शोर कम करने के उपायों को लेकर विश्वसनीय नतीजे हासिल करने के प्रयास होंगे।

देश के 37 शिक्षा बोर्डों का पतंजलि में महामंथन



हरिद्वार, आरएनएन। विद्यार्थियों का सामाजिक एवं भावनात्मक विकास स्कूली शिक्षा के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। इसी चुनौती के हल और भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, मूल्यपरक बनाने पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट में 25 से 27 नवंबर तक देशभर के शिक्षा बोर्डों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में 37 केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय शिक्षा बोर्डों के चेयरमैन, सचिव और शिक्षाविदों के साथ नेपाल, भूटान, नॉर्थवेस्ट एक्रेडिटेशन कमीशन अमेरिका सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं।

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर 3 दिनी सम्मेलन शुरू

सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी चेयरमैन एनपी सिंह, कोब्से के अध्यक्ष डॉ. जी. इम्मानुएल और सचिव एमसी शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है
हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान अपडेट
धरोहर, विकास और जनहित की खबर
| Digital Edition |
RJHIN/25/A4779
गुरूवार, 26 नवंबर, 2026

ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना | राजस्थान में 6000 मेगावाट आवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

सभी बीईएसएस परियोजनाएँ दिसम्बर 2026 से नवंबर 2027 तक पूर्ण की जाये:ऊर्जा मंत्री



निर्धारित समय में परियोजना पूर्ण न करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी



जयपुर(नि.सं.)। ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने विद्युत भवन, जयपुर में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम तथा एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम द्वारा चयनित समस्त बीईएसएस डेवलपर्स के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर राज्य में स्थापित की जा रही 6000 मेगावाट आवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के दिशा-निर्देशन में ऊर्जा विभाग प्रदेश को ग्रीन एनर्जी हब बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। बैठक के दौरान विभिन्न बी.ई.एस.एस. परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनकी समय-सीमा, निर्माण गतिविधियां, भूमि उपलब्धता, ग्रिड कनेक्टिविटी तथा आवश्यक स्वीकृतियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सभी बीईएसएस डेवलपर्स के साथ परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी डेवलपर्स को अपनी-अपनी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ाने और आधुनिक ऊर्जा भंडारण तकनीक के माध्यम से प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री ने सर्वप्रथम जेएसडब्ल्यू द्वारा गिरल तथा सूरतगढ़ में स्थापित की जा रही 250 मेगावाट आवर क्षमता की परियोजनाओं को दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उत्पादन निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे राज्य में चल रही सभी बीईएसएस परियोजनाओं की कड़ी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि तय समय पर इनका लाभ प्रदेश को मिल सके। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित बीईएसएस डेवलपर फर्म के निदेशक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे एवं कुछ फर्म वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी- जेएसडब्ल्यू लियो एनर्जी लि., सोलर वर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस लि., ओरियाना पावर लि., रेज पावर एक्सपर्टस प्रा.लि., सोलर 91 क्लीनटेक, स्टाक्रेल सोलर सर्विसेज, आइनोक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस, ओसवाल केबल्स प्रा.लि., पतंजलि रिन्यूएबल एनर्जी प्रा.लि., विविआना पावर टेक लि., गैलेक्सी माइनिंग एंड रॉयल्टीज प्रा.लि., मंडा प्रोजेक्ट्स प्रा.लि., मिनेरलिया इंपैक्स प्रा.लि., ऑनवार्ड सोलर पावर प्रा.लि., एस टी इलेक्ट्रिकल्स प्रा.लि., रामा रिफ्लेक्शन इंडिया प्रा.लि., पतंजलि आयुर्वेद लि., आदि। इन सभी बीईएसएस परियोजनाओं के पूर्ण होने की अवधि 29 दिसंबर 2026 से 7 नवंबर 2027 के मध्य है।

बैठक में बीईएसएस परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में धरातल पर उतारने, कार्यों में आ रही चुनौतियों के समाधान तथा प्रभावी समन्वय के माध्यम से कार्यों में तेजी लाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जयपुर सफाई व्यवस्था पर महापौर कोठारी का एक्शन

5 घंटे में 15 से अधिक स्थानों का निरीक्षण, बंद शौचालय का तुड़वाया ताला, अतिक्रमण पर जुर्माना

जयपुर। राजधानी जयपुर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम महापौर सुनील कोठारी बुधवार को एक्शन मोड में नजर आए। महापौर ने सिविल लाइंस और विद्याधर नगर जोन में करीब पांच घंटे तक सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। सुबह 9 बजे शुरू हुआ यह अभियान दोपहर 2 बजे तक चला। इस दौरान 15 से अधिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। कई जगह खुले में कचरा और निर्माण सामग्री (सीएनडी वेस्ट) मिलने पर महापौर ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने खुले कचरा डिपो हटाने, नियमित झाड़ू लगाने, टूटे डस्टबिन बदलने, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्थाएं सुधारने और अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की सफाई केवल अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे नियमित व्यवस्था के रूप में लागू करना होगा। स्टेच्यू सर्किल से शुरू हुआ सफाई निरीक्षण

महापौर सुनील कोठारी ने स्टेच्यू सर्किल से निरीक्षण की शुरुआत की। इसके बाद वे तिलक मार्ग पहुंचे, जहां कई इमारतों, बिल्डिंगों और सोसायटियों के बाहर खुले में कचरा डिपो तथा सीएनडी वेस्ट पड़ा मिला। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की समझाइश दी। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का फीडबैक भी लिया।

न्यूज इन बॉक्स



पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के एक नए युग का प्रारंभ हुआ : शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नई चेतना 5.0 का शुभारंभ किया और महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की पहल को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के एक नए युग का प्रारंभ हुआ है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण, बहनों का सम्मान और बेटियों का आदर भारत की माटी में, भारत के मूल में है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महिलाओं और बहनों का आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तीकरण करने का काम किया गया। संसद में भी महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देकर राजनीतिक सशक्तीकरण करने का प्रयास भी किया गया है। बहनों में जो चेतना जागृत हुई है, मैं कहना चाहता हूं कि जो आरक्षण में रुकावट बने हुए हैं, वे भी ज्यादा दिनों तक लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण देने से रोक नहीं पाएंगे।



कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में छात्राओं को सिखाए योग और प्राणायाम के गुर

जयपुर(नि.सं.)। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के वेलनेस क्लब द्वारा दिनांक 25 नवंबर 2026 को 'योगा फॉर एवरीडे एंड एवरीवन÷ विषय पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया इस सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक सीमा भारद्वाज द्वारा किया गया, सत्र का मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन में योग के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित करना है। प्रतिभागियों को योग के विभिन्न अभ्यासों एवं उनके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान दी गई। योग प्रशिक्षक सीमा भारद्वाज द्वारा छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को नियमित योगाभ्यास, शारीरिक सक्रियता, मानसिक शांति एवं तनाव प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया सत्र में दैनिक जीवन में सरल योगासन एवं प्राणायाम को अपनाने के व्यावहारिक तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया।



मुख्य सचिव ने की राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 की प्रगति की समीक्षा

दो माह में 7.58 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण, केंद्र सरकार के जनशिकायत पोर्टल से प्राप्त 9 हजार से अधिक प्रकरण भी निस्तारित

शिकायतों के बेहतर श्रेणीकरण एवं कार्मिकों के प्रशिक्षण से हेल्पलाइन की सेवाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन एवं जनकेंद्रित प्रशासन को सुदृढ़ बनाते हुए आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 की कार्यप्रणाली एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि दर बढ़ाने तथा हेल्पलाइन की सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुगम बनाने के निर्देश दिए।

दो माह में 7.58 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण

समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर सितम्बर माह में दर्ज 4 लाख 16 हजार 608 शिकायतों में से 4 लाख 13 हजार 637 तथा अक्टूबर माह में दर्ज 3 लाख 66 हजार 44 शिकायतों में से 3 लाख 44 हजार 567 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

दोनों माह में शिकायतों के निस्तारण की औसत अवधि 10 दिन रही। सितम्बर माह में शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि दर 69.93 प्रतिशत तथा अक्टूबर माह में 67.54 प्रतिशत रही, जबकि समग्र संतुष्टि दर 65.69 प्रतिशत रही।

केंद्र सरकार के जनशिकायत पोर्टल से प्राप्त प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण

केंद्र सरकार के जनशिकायत पोर्टल के माध्यम से सितम्बर माह में प्राप्त 5 हजार 310 प्रकरणों में से 5 हजार 157 तथा अक्टूबर माह में प्राप्त 4 हजार 568 प्रकरणों में से 3 हजार 910 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। गत छह माह के दौरान शिकायत निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन विभागों की प्रगति से भी अवगत कराया गया। इनमें जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने 82.59 प्रतिशत, महिला एवं बाल विकास विभाग के समेकित बाल विकास सेवा निदेशालय ने 78.55 प्रतिशत तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने 75.83 प्रतिशत संतुष्टि दर दर्ज की।

राजस्थान-कॉलेज

राजस्थान-कॉलेज में छात्रों का हंगामा, प्राचार्य के चैंबर में घुसे



फ्रेशर पार्टी नहीं कराने को लेकर विवाद; स्टूडेंट्स पर बदसलूकी का आरोप

जयपुर। राजस्थान कॉलेज में फ्रेशर पार्टी को लेकर छात्रों और कॉलेज प्रशासन के बीच विवाद सामने आया है। आरोप है कि प्रथम सेमेस्टर के कुछ छात्रों ने प्राचार्य सुनीता शर्मा के चैंबर में जबरन प्रवेश कर हंगामा किया। इस दौरान चल रही प्रशासनिक बैठक में बाधा पहुंचाई गई। छात्रों पर प्राचार्य के साथ अभद्र व्यवहार करने और व्यक्तिगत नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का भी आरोप है। वहीं, छात्र नेता लक्ष्य राज चुंडावत ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि उन्होंने कोई बदसलूकी नहीं की, बल्कि विरोध स्वरूप प्राचार्य की कुर्सी हटाई थी।

गांधी नगर थाने में राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंबेडकर हॉस्टल के वार्डन डॉ. हरबंस गोदारा (46) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार 23 नवंबर को राजस्थान विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग के प्रथम सेमेस्टर के छात्र लक्ष्य राज चुंडावत और राजस्थान कॉलेज के प्रथम सेमेस्टर के छात्र रजत सिंह सहित कुछ अन्य विद्यार्थी कॉलेज परिसर में पहुंचे।



चुनाव खिसके तो 21-साल की संतोष बनीं जिला प्रमुख

निर्विरोध चुनी गईं; बोलीं- जैसलमेर की हर ढाणी और गांव का विकास करवाऊंगी

जैसलमेर(वि.सं.)। राजस्थान के जैसलमेर में महज 21 साल और 19 दिन की उम्र में संतोष कुमारी प्रदेश की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बन गई हैं। कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली संतोष को जैसलमेर जिला प्रमुख के पद पर निर्विरोध चुना गया है। खास बात यह है कि पंचायत चुनाव पहले चरण(22 अक्टूबर) में होने के बजाय चौथे चरण(16 नवंबर) में खिसकने के कारण ही वे चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु सीमा (21 वर्ष) पूरी कर पाईं।

गलता तीर्थ में दीपदान

देव-दीवाली पर गलता तीर्थ में दीपदान का भव्य आयोजन





जयपुर(नि.सं.)। जिला कलक्टर संदेश नायक ने गालव ऋषि की तपोभूमि गलता तीर्थ पहुंचकर दीप दान व आरती की और उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ पूजा अर्चना की। कार्तिक पूर्णिमा की सांझ व देव दीवाली के इस शुभ अवसर जिला कलेक्टर श्री संदेश नायक ने सपत्नीक 5100 दीयों से सुसज्जित जगमगाते भव्य गलतातीर्थ में सीताराम जी के मुख्यमन्दिर, गालव ऋषि व गलता जी मंदिर पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्ण भव्यता से देव-दीवाली के पुण्य अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच जिला प्रशासन ने शानदार कार्यक्रम आयोजन की तैयारी थी और उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर दीप दान, पुष्प व पंच द्रव्य अर्पित कर गंगार्चन किया। पुजारी पंडित मातृ प्रसाद शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना, गंगा आरती, धूप-दीप-नैवेद्य अर्पित कर सभी देवों का पूजन करवाया। जिला कलक्टर श्री संदेश नायक ने सपत्नीक गंगा आरती, दीप-दान, पुष्प व श्रीफल अर्पण, मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की।



बीकानेर जिला प्रमुख बनी कांग्रेस की निकिता डूडी

23 वोट मिले, बागी हुई सरिता को 18 मत पड़े

बीकानेर (वि.सं.)। बीकानेर जिला परिषद में कांग्रेस में बगावत के बावजूद कांग्रेस ने बोर्ड बना लिया है। कांग्रेस उम्मीदवार निकिता डूडी के सामने पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल की बेटी सरिता चौहान ने किया नामांकन था। वोटिंग में निकिता को 23 वोट मिले, जबकि सरिता को 18 वोट मिले। बता दें कि सरिता ने कांग्रेस पार्टी से नाराज होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा था।

वहीं बीजेपी की धापू कंवर और निर्दलीय खड़ी हुई संतोष ने पर्चा उठा लिया था।

निकिता डूडी 24 सदस्य लेकर पहुंची

निकिता डूडी कुल 24 सदस्य लेकर पहुंची हैं, उनके साथ पूर्व प्रमुख मोडाराम मेघवाल हैं।

स्वामी और प्रकाशक बुधमती गोस्वामी एवं मुद्रक ताराचंद कुमावत द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, 10 MA, आईजी नगर, जगतपुरा,जयपुर, राजस्थान - 302017 से प्रकाशित किया। प्रधान संपादक: बुधमती गोस्वामी एवं संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, उप संपादक - मोनिका शर्मा, पीआरजीआई नं. RJHIN/25/A 4779 ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल आईडी: editor.the uncoveredupdate@gmail.com, वेबसाइट: www.theuncoveredupdate.com (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी. आर. पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।